■ उत्तर प्रदेश शासन द्वारा विज्ञापन मान्यता प्राप्त राष्ट्रीय हिन्दी साप्ताहिक समाचार पत्र

सच का साथी...

# बी पी एस न्यूज

www.bpsnews.in

(वर्ष-9 अंक -35)

पृष्ठ 8 मूल्य 2/रुपया


सोमवार 30 सितंबर , 2024



रेलवे ट्रेक पर फिर मिला सिलेंडर लोको के चालक ने सावधानी दिखा रोकी ट्रेन 8 | कोहली को देखने के लिए उन्नाव से 15 वर्षीय प्रशंसक, साइकिल से पहुंचा 4

### राजनाथ ने पाकिस्तान को दी कड़ी चेतावनी

# भारत में कोई बड़ा हमला हुआ तो घुस कर मारेंगे



श्रीनगर। केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने रविवार को पाकिस्तान को कड़ी चेतावनी देते हुए कहा कि अगर भारत में कोई बड़ा आतंकवादी हमला होता है, तो पाकिस्तान के अंदर घुसकर मारा जायेगा। सिंह ने जम्मू-कश्मीर में बांदीपोरा जिले के सीमावर्ती इलाके गुएज के में एक चुनावी रैली को संबोधित करते हुए कहा कि पाकिस्तान लगातार यह सुनिश्चित करने की कोशिश कर रहा है कि जम्मू-कश्मीर में फिर से आतंकवाद फैल जाये। रक्षा मंत्री ने कहा, वे (पाकिस्तान) नहीं चाहते कि यहां लोकतंत्र पनपे। लेकिन लोगों का साहस देखने के बाद मुझे यकीन है कि अब दुनिया की कोई भी ताकत यहां के लोकतंत्र को कमजोर नहीं कर सकती है।

उन्होंने कहा कि पाकिस्तान को यह नहीं भूलना चाहिए कि यह एक 'नया भारत' है और आतंकवाद के खिलाफ, अगर जरूरत पड़ी तो वह सीमा पार जाकर उसका सामना कर सकता है। उन्होंने कहा, और जो लोग सीमा पार से भारत को नष्ट करने की कोशिश कर रहे हैं, मैं उनसे भी कहना चाहता हूं कि अगर भारत में कोई बड़ा आतंकवादी हमला होता है, तो वे जहां भी बैठे हों, हम घुस कर मारेंगे।

राजनाथ सिंह ने कहा कि जब से उनकी सरकार सत्ता में आयी है, कश्मीर में शांति है और इस सच्चाई से कोई इनकार नहीं कर सकता। उन्होंने पाकिस्तान की वित्तीय सेहत को लेकर भी कटाक्ष किया। उन्होंने कहा, वर्ष 2014-15 में जम्मू-कश्मीर को विशेष पीएम पैकेज दिया गया था। आज पीएम पैकेज 90,000 करोड़ रुपये का है। और आप अंदाजा लगा सकते हैं कि यह राशि कितनी है। जिस राशि के लिए पूरा पाकिस्तान अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) के सामने भीख मांग रहा था, हमारी सरकार ने उससे कहीं ज्यादा जम्मू-कश्मीर को दी है।

उन्होंने कहा कि नरेन्द्र मोदी सरकार जम्मू-कश्मीर के विकास और यहां के लोगों के जीवन को बेहतर बनाने के लिए काम करती है। सिंह ने कहा, और पाकिस्तान में वित्तीय सहायता का इस्तेमाल आतंकवाद की फैक्टरियां चलाने के लिए किया जाता है और यह लंबे समय से चल रहा है। आतंकवाद का यह कारोबार लंबे समय तक नहीं चलने वाला है। मैं आपको यह आश्वासन देना चाहता हूं।

उन्होंने कहा कि कश्मीर में आतंकवाद की हर घटना के पीछे पाकिस्तान का हाथ है।

पूरी दुनिया में आतंकवाद फैलाने के लिए पाकिस्तान बेनकाब हो चुका है। रक्षा मंत्री ने भारत की ओर से पाकिस्तान से संपर्क बढ़ाने का जिक्र करते हुए कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी पैदल ही पाकिस्तान गये थे।

उन्होंने मोदी की वर्ष 2015 की लाहौर यात्रा का जिक्र करते हुए कहा, हमारे प्रधानमंत्री मोदी जी सभी प्रोटोकॉल तोड़कर नवाज शरीफ के लिए पाकिस्तान गये। भारत में हर सरकार ने पाकिस्तान को समझाया है कि वह अपनी धरती पर चल रहे आतंकवादी प्रशिक्षण शिविरों को बंद करे, लेकिन आज तक उसने उन्हें बंद नहीं किया। यहां तक कि अनुच्छेद 370 हटाये जाने के बाद भी पाकिस्तान अपनी कायराना हरकतों से बाज नहीं आ रहा है।

## झारखंड में नदी में डूबने से तीन लड़कियों की मौत

झारखंड के रामगढ़ जिले में रविवार को आठ से 15 वर्ष की आयु की तीन लड़कियों की नदी में नहाते समय डूबने से मौत हो गयी। पुलिस ने यह जानकारी दी। यह घटना रामगढ़ टाउन थाना क्षेत्र में दामोदर नदी में घटी।काहुबेरा गांव की रहने वाली तीनों लड़कियां नदी में नहाने गई थीं। उप-विभागीय पुलिस अधिकारी परमेश्वर प्रसाद ने बताया, उनमें से एक नदी में गहराई में चली गयी और डूब गयी।दो अन्य ने उसे बचाने का प्रयास किया और वे भी डूब गयीं। मृतकों की पहचान सिमरन कुमारी, छाया कुमारी और संध्या कुमारी के रूप में हुई है। स्थानीय ग्रामीणों की मदद से तीनों लड़कियों के शव दामोदर नदी से बाहर निकाले गए।

# भाजपा नेताओं के साथ मिलकर जबरन वसूली कर रहे ईडी के अधिकारी



मुंबई । शिवसेना के नेता संजय राउत ने आरोप लगाया कि प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के कुछ अधिकारी भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के नेताओं की मिली भगत से लोगों से भारी मात्रा में धन उगाही कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि जब उनकी पार्टी सत्ता में आएगी तो इन अवैध गतिविधियों का पर्दाफाश किया जाएगा। राउत ने पत्रकारों से बात करते हुए यह आरोप भी लगाया कि महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री देवेन्द्र फडणवीस को ऐसे अवैध कार्यों में लिप्त लोगों के बारे में पता है।

राउत ने आरोप लगाया, ईडी के एक एजेंट के रूप में काम करने वाला जीतू नवलानी नामक व्यक्ति जबरन वसूली में शामिल था। हमारी एमवीए सरकार ने उसके खिलाफ कानूनी कार्रवाई की। ऐसा माना जाता है कि उसे ईडी और भाजपा नेता देवेन्द्र फडणवीस, दोनों का समर्थन प्राप्त था। राउत ने दावा किया कि (जून 2022 में एकनाथ शिंदे सरकार में) राज्य के गृह मंत्री के रूप में कार्यभार संभालने के बाद फडणवीस ने इस मामले की जांच के लिए महाराष्ट्र विकास आघाडी (एमवीए) सरकार द्वारा गठित विशेष जांच दल को खत्म कर दिया। कुछ अन्य लोगों का नाम लेते हुए राउत ने कहा कि ईडी के पूर्व अधिकारी राजेश्वर सिंह अब उत्तर प्रदेश में भाजपा के विधायक हैं। राउत ने दावा करते हुए कहा कि ईडी के साथ मिलकर काम करने वाला रोमी भगत नामक व्यक्ति भी जबरन वसूली की गतिविधियों में शामिल था और फिलहाल आर्थर रोड जेल में बंद है। राउत ने कहा, देवेन्द्र फडणवीस इन लोगों और इनकी करतूतों को जानते हैं।

## गाजीपुर में गांजा वाले बयान पर सांसद अफजल अंसारी के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज

गाजीपुर (उत्तर प्रदेश) ।समाजवादी पार्टी (सपा) के सांसद अफजाल अंसारी के खिलाफ गांजा पर कानून बनाने संबंधी बयान देने के मामले में रविवार को प्राथमिकी दर्ज की गयी है।

पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस के अनुसार सपा सांसद के खिलाफ उस बयान के लिए प्राथमिकी दर्ज की गई, जिसमें उन्होंने गांजा से संबंधित कानून बनाने की वकालत की थी और कहा था कि कुंभ मेले के दौरान एक पूरी मालगाड़ी भी अपर्याप्त साबित होगी। गाजीपुर कोतवाली थाना के प्रभारी निरीक्षक (एसएचओ) दीनदयाल पांडेय ने बताया कि गोरा बाजार पुलिस चौकी प्रभारी राजकुमार शुक्ला ने गाजीपुर थाने में सपा सांसद के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 353(3) (सार्वजनिक उपद्रव के लिए उकसाने वाला बयान) के तहत प्राथमिकी दर्ज कराई है। अंसारी ने हाल ही और इसे कानूनी दर्जा दिया जाना चाहिए। उन्होंने यहां तक कहा कि कुंभ मेले के दौरान एक मालगाड़ी का पूरा माल भी कम पड़ जाएगा और यह भी कहा कि धार्मिक आयोजनों और त्योहारों के दौरान इसका इस्तेमाल किया जाता है, जहां इसे प्रसाद माना जाता है। कई हिंदू संतों और संगठनों ने अंसारी के बयान का विरोध किया और उनके खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। हालांकि, अंसारी ने एक बयान में कहा है कि उनकी टिप्पणी का उद्देश्य उनके क्षेत्र में गांजा तस्करी और नशे की समस्या की ओर ध्यान आकर्षित करना था और अगर उनके बयान से किसी को ठेस पहुंची है तो वह बिना शर्त माफी मांगते हैं।

### सीरिया में अमेरिकी हवाई हमलों में 37 आतंकवादी मारे गए

सीरिया में दो हमलों में चरमपंथी इस्लामिक स्टेट (आईएस) समूह और अलकायदा संबंधी एक समूह से जुड़े 37 आतंकवादी मारे गए। अमेरिकी सेना ने रविवार को यह जानकारी दी। इसने कहा कि मृतकों में दो शीर्ष आतंकवादी थे।, जिसमें अलकायदा से जुड़े हुर्रास अल-दीन समूह के एक शीर्ष आतंकवादी और आठ अन्य को निशाना बनाया गया।उन्होंने 16 सितंबर को किए गए एक हमले की भी जानकारी दी जिसमें उन्होंने मध्य सीरिया में एक दूरस्थ अज्ञात स्थान पर आईएस प्रशिक्षण शिविर पर बड़े पैमाने पर हवाई हमला किया था। इस हमले में 28 आतंकवादी मारे गये थे।

### जसरोटा में रैली के दौरान बिगड़ी मल्लिकार्जुन की तबियत

# कहा- जब तक मोदी को नहीं हटाएंगे, तब तक मैं जिंदा रहूंगा



जम्मू। जम्मू-कश्मीर के जसरोटा में एक चुनावी रैली के दौरान कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे की तबीयत बिगड़ गई। मंच पर भाषण देने के दौरान खड़गे की तबीयत खराब हुई, जिसके बाद कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने उन्हें संभाला। तबीयत खराब होने के बावजूद कांग्रेस अध्यक्ष ने अपना भाषण पूरा किया। इस दौरान उन्होंने कहा, हम राज्य का दर्जा बहाल करने के लिए लड़ेंगे, मैं 83 साल का हूं, मैं इतनी जल्दी नहीं मरने वाला हूं। मैं तब तक जिंदा रहूंगा जब तक पीएम मोदी सत्ता से बाहर नहीं हो जाते।

भाजपा पर निशाना साधते हुए खड़गे ने कहा, बीजेपी ने जम्मू-कश्मीर के लोगों से बहुत सारे वादे किए, लेकिन उन्होंने कुछ नहीं किया। अब अमित शाह कहते हैं कि हम 5 लाख नौकरियां देंगे। लेकिन सवाल है कि 10 साल में आपने क्या किया, क्यों नौकरियां नहीं दीं? जम्मू-कश्मीर में 65त्न सरकारी पद खाली हैं, इतने साल में आपने इन पदों को क्यों नहीं भरा? असलियत ये है कि ये केवल लोगों को गुमराह करना चाहते हैं।खड़गे ने कहा, %नरेंद्र मोदी कहते थे- हर साल 2 करोड़ नौकरियां देंगे, विदेशों से काला धन लाएंगे और सबके खाते में 15-15 लाख आएगा।नरेंद्र मोदी अपने इन वादों को पूरा नहीं कर पाए।

विज्ञापन कार्यालय-130/4 - बाबू पुरवा कॉलोनी, किदवई नगर, कानपुर

नवीन गुप्ता (विज्ञापन प्रतिनिधि)



बीपीएस न्यूज समाचार पत्र व ऑनलाइन न्यूज चैनल (पोर्टल) में विज्ञापन लगवाने के लिए संपर्क करें। मो. 9839625941






## संपादकीय

### दर्द बांटती दवाएं

यह खबर परेशान करने वाली है कि बुखार, दर्द, उच्च रक्तचाप, मधुमेह आदि से मुक्ति दिलाने का दावा करने वाली 53 दवाइयां जांच में गुणवत्ता के मानकों पर खरी नहीं उतरी हैं। देश में धड़ल्ले से इस्तेमाल होने वाली पैरासिटामोल भी इन दवाओं में शुमार है। कैसी विडंबना है कि काफी समय से सरकारों की नाक के नीचे ये दवाइयां धड़ल्ले से बिकती रही हैं। केंद्रीय औषधि नियामक ने गुणवत्ता के मानकों पर खरा न उतरने वाली दवाओं की सूची जारी की है। आम लोगों के मन में सवाल बाकी है कि यदि ये दवाएं मानकों पर खरी नहीं उतरती तो इनके नकारात्मक प्रभाव किस हद तक हमारी सेहत को प्रभावित करते हैं। यह भी कि जो लोग घटिया दवाइयां बेच रहे थे क्या उनके खिलाफ कोई कार्रवाई की पहल भी हुई है? फिलहाल इस बाबत कोई जानकारी आधिकारिक रूप से सामने नहीं आई है। निस्संदेह, यह शर्मनाक है और तंत्र की विफलता को उजागर करता है कि शारीरिक कष्टों से मुक्त होने के लिये लोग जो दवाएं खरीदते हैं, वे घटिया हैं? बहुत संभव है ऐसी घटिया दवाओं के नकारात्मक प्रभाव भी सामने आते होंगे। इस बाबत गंभीर शोध-अनुसंधान की जरूरत है। विडंबना देखिए कि ताकतवर और धनाढ्य वर्ग द्वारा संचालित इन दवा कंपनियों पर राज्य सरकारें भी जल्दी हाथ डालने से गुरेज करती हैं। जिसकी कीमत आम लोगों को ही चुकानी पड़ती है। विडंबना देखिए कि लोगों द्वारा आमतौर पर ली जाने वाली पैरासिटामोल भी जांच में फेल पायी गई। आम धारणा रही है कि गाहे-बगाहे होने वाले बुखार-दर्द आदि में इस दवा का लेना फायदेमंद होता है। निश्चय ही केंद्रीय औषधि नियामक की गुणवत्तारहित दवाओं की सूची में इसके शामिल होने से लोगों के इस विश्वास को ठेस पहुंचेगी। दुर्भाग्यपूर्ण है कि मानवीय मूल्यों में इस हद तक गिरावट आई है कि लोग अपने मुनाफे के लिये दुखी मरीजों के जीवन से खिलवाड़ करने से भी नहीं चूक रहे हैं।व्यथित करने वाली बात है कि सेंट्रल ड्रग्स स्टैंडर्ड कंट्रोल ऑर्गनाइजेशन यानी सीडीएससीओ ने हालिया मासिक रिपोर्ट में जिन गुणवत्ता रहित दवाओं का उल्लेख किया है, उनमें कई दवाओं की क्वालिटी खराब है तो वहीं दूसरी ओर बहुत सी दवाएं नकली भी बिक रही हैं। जिन्हें बड़ी कंपनियों के नाम से बेचा जा रहा है। इससे उन मरीजों की सुरक्षा संबंधी चिंताएं बढ़ जाएंगी जो इन दवाओं का इस्तेमाल कर रहे थे। दुर्भाग्य से इस सूची में हाइपरटेंशन, डाइबिटीज, कैल्शियम सप्लीमेंट्स, विटामिन-डी3 सप्लीमेंट्स, विटामिन बी कॉम्प्लेक्स, विटामिन-सी, एंटी-एसिड, एंटी फंगल, सांस की बीमारी रोकने वाली दवाएं भी शामिल हैं। इसमें दौरे व एंग्जाइटी का उपचार करने वाली दवाएं भी शामिल हैं। ये दवाएं बड़ी कंपनियों द्वारा भी उत्पादित हैं। बताते हैं कि फेल होने वाली दवाओं में पेट में इंफेक्शन रोकने वाली एक चर्चित दवा भी शामिल है। यद्यपि सीडीएससीओ ने 53 दवाओं की गुणवत्ता की जांच की थी,लेकिन 48 दवाओं की सूची ही अंतिम रूप से जारी की गई।

# असहाय भाव से मुक्त कीजिए युवाओं को

**उस दिन एक खबर आई थी टी.वी. पर। खबर हरियाणा के बारे में थी, जहां आजकल दिन-रात हमारे नेतागण अपनी तारीफों और दूसरों की बुराइयों में लगे हुए हैं। खबर में बताया गया था कि सफाई कर्मचारी के पद पाने के लिए तीन लाख 95 हजार युवाओं ने आवेदन किया है। खबर में यह भी बताया गया था कि इनमें से चालीस हजार तो स्नातक पदवीधारी हैं और लगभग सवा लाख बारहवीं पास हैं!कोई भी काम छोटा नहीं होता, लेकिन इस खबर से यह तो पता चल ही रहा है कि हमारी शिक्षा व्यवस्था का नागरिकों के जीवन-यापन से कितना और कैसा रिश्ता है। सफाई का काम कर पाने के लिए किसी को कितनी पढ़ाई करने की आवश्यकता है?**



अपने हालिया अमेरिकी दौरे के दौरान, प्रधानमंत्री मोदी अमेरिका में बसे भारतीयों को पिछले एक दशक में हुए भारत के विकास का विवरण दे रहे थे। उन्होंने आंकड़े देकर बताया कि इस दौरान भारत में कितने आईआईटी और कितने आईआईएम खोले गए। उनका यह भाषण देश के टीवी चैनलों पर शायद लाइव दिखाया जा रहा था। मुम्बई की लोकल गाड़ी में मेरे साथ बैठे कुछ युवा मोबाइल पर यह सब देख रहे थे। तभी उनमें से एक बोल पड़ा, 'इनको पता ही नहीं है कि देश के कितने नौजवान बेकार बैठे हैंज' वह आगे कुछ और भी कह रहा था, पर मेरा ध्यान इसी वाक्यांश पर अटक गया कि 'इनको पता ही नहीं है।' इनको यानी उन सबको जिनके कंधों पर यह जानने का बोझ है कि उनकी नीतियों से देश का नौजवान कितना लाभान्वित हो रहा है।


उस दिन एक खबर आई थी टी.वी. पर। खबर हरियाणा के बारे में थी, जहां आजकल दिन-रात हमारे नेतागण अपनी तारीफों और दूसरों की बुराइयों में लगे हुए हैं। खबर में बताया गया था कि सफाई कर्मचारी के पद पाने के लिए तीन लाख 95 हजार युवाओं ने आवेदन किया है। खबर में यह भी बताया गया था कि इनमें से चालीस हजार तो स्नातक पदवीधारी हैं और लगभग सवा लाख बारहवीं पास हैं!

कोई भी काम छोटा नहीं होता, लेकिन इस खबर से यह तो पता चल ही रहा है कि हमारी शिक्षा व्यवस्था का नागरिकों के जीवन-यापन से कितना और कैसा रिश्ता है। सफाई का काम कर पाने के लिए किसी को कितनी पढ़ाई करने की आवश्यकता है? किसी का स्नातक होना तो इसकी अर्हता हो ही नहीं सकती। होनी भी नहीं चाहिए। सफाई कर्मचारी की नौकरी पाने के लिए तो यह लगभग चालीस हजार युवा नहीं पढ़ रहे थे। कुछ सपने होंगे इनके भी। निश्चित रूप से जीवन की विवशताओं के समक्ष हार मानने के बाद ही इन युवाओं ने इस नौकरी के लिए आवेदन किया होगा। क्या उन्हें यह बात पता है जिन्हें पता होनी चाहिए? मुम्बई की लोकल गाड़ी में सफर करने वाले उस युवक ने अपने प्रधानमंत्री का भाषण सुनते हुए कहा था, 'इन्हें पता ही नहीं हैज'सेंटर फॉर मॉनिटरिंग इंडियन इकोनमी (सीएमआईई) द्वारा जारी किए गए आंकड़ों के अनुसार, अखिल भारतीय बेरोजगारी की दर 9.2 प्रतिशत है। अपने विकसित देश होने का सपना देखने वाले देश के लिए यह आंकड़े चिंता और शर्म दोनों का विषय होने चाहिए।हमारे नेता यह बात करते नहीं थकते कि पिछले एक दशक में हमारी अर्थव्यवस्था 90 प्रतिशत बढ़ गई है और भारत के लोग नए विश्वास से भरे हुए हैं। ये दोनों बातें सही हो सकती हैं, पर इस तथ्य को नहीं भुलाया जाना चाहिए कि आज देश में रोजगार के अवसर उतने नहीं हैं जितने होने चाहिए। आईआईएम और आईआईटी संबंधी दावों के बरक्स सच्चाई यह भी है कि हमारे विश्वविद्यालयों में से एक भी ऐसा नहीं है जिसकी गणना दुनिया के श्रेष्ठ समझे जाने वाले पहले सौ विश्वविद्यालयों में की जा सकती हो! अमेरिका में अपने भाषण में प्रधानमंत्रीजी ने हमारे सदियों पुराने विख्यात नालंदा विश्वविद्यालय को फिर से साकार करने का सपना दिखाया है। कौन नहीं चाहेगा कि उनका यह सपना साकार हो? पर इस सच्चाई को भी नहीं झुठलाया जा सकता कि अमेरिका में बसे जिन भारतीयों को वे संबोधित कर रहे थे, उनमें से अधिसंख्य वहां के श्रेष्ठ समझे जाने वाले विश्वविद्यालयों में पढ़ने गए थे। यूक्रेन और बांग्लादेश जैसे छोटे देशों में भी हमारे देश के विद्यार्थी पढ़ने जा रहे हैं!बेहतर स्वास्थ्य, बेहतर शिक्षा और बेहतर जीवन-स्तर किसी भी देश के विकसित होने को सही तरीके से परिभाषित करते हैं। किसी भी अर्थव्यवस्था की सफलता और मजबूती का बुनियादी मानदंड यही है कि हर हाथ को काम, हर सिर को छत, और हर नागरिक को आगे बढ़ने का उचित और पर्याप्त अवसर मिले। जब व्यक्ति को चाहने और प्रयास करने पर भी अपनी योग्यता और क्षमता के अनुरूप कार्य नहीं मिलता, तो अर्थव्यवस्था में बेरोज़गारी अपना सिर उठाने लगती है। दावे या वादे भले ही कुछ भी किए जा रहे हों, सच्चाई यह है कि आज देश का युवा अपने आप को असहाय पा रहा है। यह स्थिति बदलनी ही चाहिए।इस बात की अवहेलना नहीं होनी चाहिए कि बेरोज़गारी अंततः विकास की दर को कम करती है और अर्थव्यवस्था में विकास को धीमा बनाती है। इसका सीधा असर गरीबी के स्तर पर पड़ता है। और इसका मतलब होता है कुपोषण को बढ़ावा। यह एक ऐसा दुष्चक्र है जो सारे गणित गड़बड़ा देता है।यह मानना गलत होगा कि हमारे नेतृत्व को यह सब पता नहीं है। बेरोज़गारी जैसी समस्या कोई छिपी हुई बात नहीं है। सब इस बात से वाकिफ हैं और सब जानते हैं कि हमारा युवा देश इस दुष्चक्र का शिकार बन रहा है। भारत में युवाओं की संख्या दुनिया के सभी देशों से अधिक है। हमारी 75 प्रतिशत से अधिक आबादी की आयु 35 वर्ष से कम है। इसका सीधा-सा अर्थ यह है कि हमारी काम करने की क्षमता अधिक है। सवाल इस क्षमता के सही और समुचित उपयोग का है। बेरोज़गारी के आंकड़े बताते हैं कि ऐसा हो नहीं रहा।सवाल पूछा जाना चाहिए कि क्या हम इस स्थिति से निपटने के लिए वह सब कर रहे हैं जो अपेक्षित है? क्या हमारी प्राथमिकताओं में देश की युवा आबादी के लिए पर्याप्त काम की व्यवस्था का उचित स्थान है? हरियाणा में सफाई कर्मचारी के पद के लिए आवेदन करने वालों की संख्या तो यही बता रही है कि इस प्रश्न का उत्तर 'हां' नहीं है।

वे कौन-से मुद्दे हैं जो हमारे नेतृत्व को आज महत्वपूर्ण लग रहे हैं? इस प्रश्न का एक उत्तर हमारे राजनेताओं के बयानों में आए दिन सामने आ रहा है। हालिया चुनावों की बात ही कर लें। स्पष्ट दिख रहा है कि हमारे नेतृत्व के लिए मंदिर-मस्जिद, जातियों का वोट बैंक, सड़कों और शहरों का नामकरण, लंबी सड़कें, तेज़ गति वाले वाहन, ऊंची मूर्तियां, गगनचुम्बी इमारतें आदि वरीयता में कहीं ऊपर आते हैं। आम चुनावों में हमने स्पष्ट देखा कि मुद्दे ऐसी ही बातों तक सीमित रहे। करता रहे विपक्ष महंगाई और बेरोज़गारी की बात, वोट मुफ्त बिजली, मुफ्त अनाज, नकद राशि आदि की दुहाई देकर मांगे गए। हरियाणा में उच्च शिक्षा प्राप्त बेरोज़गारों की आपदा चुनाव का मुद्दा नहीं बनी, इसे सिर्फ त्रासदी के रूप में ही समझा जाना चाहिए। हरियाणा का सच देश के बाकी राज्यों की भी कहानी सुनाता है। हाल ही में राजस्थान में लगभग 25 हजार सफाई कर्मचारियों की भर्ती के लिए नौ लाख से अधिक युवाओं ने आवेदन भरे थे!

# लोकतंत्र के चारों स्तंभों को एक साथ आना ज़रूरी

गोंदिया।वैश्विक स्तरपर पूरी दुनियां में प्रतिष्ठित अपेक्स न्यायपालिका का दिनांक 23 सितंबर 2024 को बच्चों के साथ बढ़ते यौन शोषण अपराधों को प्रेरित करने वाली एक कड़ी बच्चों से जुड़ा सेक्सुअल कंटेंट चाइल्ड पोर्न पर बहुत ही महत्वपूर्ण जजमेंट आया जो इस दिशा में सुधारों में मील का पत्थर साबित होगा,क्योंकि आजके आधुनिक युग में हम देखते हैं कि बड़ों से लेकर बुजुर्गों व युवाओं से लेकर छोटे-छोटे बच्चों के हाथ में मोबाइल आ गया है जिसमें ऐसी सैकड़ो एप्स हैं,जिसपर एक क्लिक से बच्चों से बूढ़ों तक की अश्लील क्लिप आ जाती है जिसे देखकर सामाजिक माहौल खराब हो जाना लाजमी है।परंतु समाज में अच्छा वातावरण बनाने के लिए कुछ एनजीओ या समाज सेवी संगठन भी इस दूषित हो रहे वातावरण को सुधारने के लिए नेक कार्य में आगे आ रहे हैं।वर्ष 2019 में चाइल्ड पॉर्न सेक्सुअल कंटेंट देखने के आरोप में एक 28 साल के युवक पर पॉक्सो अधिनियम 2019 व आईटी एक्ट 2000 के तहत केस दर्ज हुआ था जिसपर हाईकोर्ट ने इसे रद्द कर दिया था। फिर एनजीओ ने सुप्रीम कोर्ट में इसकी अपील की जिसका जजमेंट दिनांक 23 सितंबर 2024 को दोपहर बाद आया जिसमें हाईकोर्ट के जजमेंट को सिरे से खारिज कर कहा पॉक्सो अधिनियम 2019 की धारा 15 के अनुसार चाइल्ड पोर्न देखना/रखना/प्रकाशित करनाप्रसारित करना अपराध है, जिसमें तीन से 7 साल तक की सजा 10 लख रुपए का जुर्माना या दोनों हो सकते हैं।इसलिए अब हर मोबाइल धारकों को इसका संज्ञान सखूती से लेना होगा, क्योंकि मोबाइल पर इस ऐप या साइट पर एक क्लिक किया कि धारा 15 के आरोपी बन गए! क्योंकि साइबर विभाग की पैनी नज़रें आपकी मोबाइल के उपयोग को तीसरी आंख से देख रही है, आप क्या देख रहे हैं यह उनका सब मालूम चल जाता है।चूंकि बच्चों के साथ बढ़ते यौन शोषण अपराधों को प्रेरित करने वाली हर कड़ी को काटने अपराधियों को सख्त सजा दिलाने में लोकतंत्र के चारों स्तंभों को एक साथ आना होगा तथा मोबाइल धारकों द्वारा मोबाइल से बच्चों से जुड़ा सेक्सुअल कंटेंट पर एक क्लिक से आपको जेल पहुंच सकता है। पॉक्सो एक्ट 2019 की धारा 15 में 3 से 7 साल की जेल व जुर्माना या दोनों होगा इसलिए आज हम मीडिया में उपलब्ध जानकारी के सहयोग से इस आर्टिकल के माध्यम से चर्चा करेंगे,मोबाइल में बच्चों के साथ यौन अपराध से जुड़ेवीडियो को देखना/ डाउनलोड करना/सेव करना पॉक्सो एक्ट 2019 की धारा 15(1) के तहत अपराध की श्रेणी में आ गया है।



साथियों बात अगर हम दिनांक 23 सितंबर 2024 को दोपहर आए सुप्रीम कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश सहित दो जजों की बेंच के जजमेंट की करें तो,सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि पॉक्सो एक्ट की धारा 15 के अनुसार,चाइल्ड पोर्न देखना, रखना, प्रकाशित करना या उसे प्रसारित करना अपराध है।कोर्ट ने अपने फैसले में कहा कि पॉक्सो एक्ट की धारा 15(1) बच्चों से जुड़े अश्लील कंटेंट को न हटाने नष्ट न करने या उसकी जानकारी न देने पर सजा का प्रावधान करती है। वहीं, धारा 15(2) चाइल्ड पोर्न से जुड़े कंटेंट को प्रसारित करने को अपराध बनाती है।जबकि, धारा 15(3) में कारोबारी मकसद से चाइल्ड पोर्न को स्टोर करने को अपराध के दायरे में लाती है।सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि पोक्सो एक्ट के सब-सेक्शन 1, 2 और 3 एक-दूसरे से अलग हैं। अगर कोई मामला सब-सेक्शन 1, 2 और 3 में नहीं बनता है तो इसका मतलब ये नहीं है कि वो मामला धारा 15 के अंतर्गत नहीं आता।इस फैसले के दौरान सुप्रीम कोर्ट ने कुछ सुझाव भी दिए।सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि अदालतों को अपने फैसले में चाइल्ड पोर्नोग्राफी शब्द की जगह चाइल्ड सेक्सुअल एक्सप्लॉयटेटिव मटैरियल का इस्तेमाल करने के लिए सरकार को पोक्सो कानून में संशोधन करना चाहिए।अदालत ने सुझाव दिया कि सेक्स एजुकेशन पर जोर दिया जाना चाहिए, जिसमें चाइल्ड पोर्न से जुड़े कानूनी और नैतिक प्रभावों की जानकारी शामिल हो।सुप्रीम कोर्ट ने सुझाव दिया कि केंद्र सरकार एक एक्सपर्ट कमेटी बना सकती है, जो सेक्स एजुकेशन का एक सिस्टम तैयार करे। कोर्ट ने स्कूलों को सलाह दी कि कम उम्र से ही बच्चों को पोक्सो कानून के बारे में बताया जाना चाहिए।भारत में पोर्न देखना अपराध नहीं है। हाईकोर्ट से लेकर सुप्रीम कोर्ट तक कई फैसलों में साफ कर चुकी हैं कि प्राइवेट स्पेस में पोर्न देखना अपराध नहीं है।पिछले साल एक मामले में फैसला देते हुए केरल हाईकोर्ट ने कहा था, पोर्नोग्राफी सदियों से प्रचलित है। लेकिन आज के नए डिजिटल युग में और ज्यादा सुलभ हो गई है।बच्चों और बड़ों की उंगलियों पर ये मौजूद है। सवाल ये है कि अगर कोई अपने निजी समय में दूसरों को दिखाए बगैर पोर्न वीडियो देख रहा है तो वो अपराध है या नहीं? अदालत इसे अपराध के दायरे में नहीं ला सकती, क्योंकि ये व्यक्ति की निजी पसंद हो सकती है और इसमें दखल करना उसकी निजता में घुसपैठ करने के बराबर होगा।इससे पहले 2015 में सुप्रीम कोर्ट ने एक फैसले में कहा था कि निजी स्पेस में पोर्न देखना गलत नहीं है। सुप्रीम कोर्ट ने भी कहा था कि अकेले पोर्न देखने में कोई बुराई नहीं है, लेकिन चाइल्ड पोर्नोग्राफी या महिलाओं के खिलाफ बलात्कार या हिंसा से जुड़े अश्लील कंटेंट को देखना या इकट्ठा करना अपराध के दायरे में आता है।साथियों बात अगर हम मद्रास हाईकोर्ट के पूर्व में दिए गए जजमेंट की करें तो,साल 2019 में चाइल्ड पोर्न डाउनलोड करने के आरोप में 28 साल के युवक पर पॉक्सो और आईटी कानून के तहत केस दर्ज हुआ था।मद्रास हाईकोर्ट के जस्टिस ने इस केस को ये कहते हुए रद्द कर दिया था कि चाइल्ड पोर्न देखना पॉक्सो और आईटी एक्ट के तहत अपराध नहीं है।कोर्ट ने ये भी कहा था कि आरोपी को पोर्न देखने की आदत थी, लेकिन उसने पहले कभी चाइल्ड पोर्न नहीं देखी थी, न ही उसने डाउनलोड किया वीडियो किसी से शेयर किया था। केस रद्द करते हुए हाईकोर्ट ने कहा था कि गेनजेड को पोर्न देखने की लत है और उन्हें सजा देने की बजाय जागरूक करना चाहिए।

**किशन सनमुख़दास भावनानी**

## फिल्मों में बेहतरीन अभिनय के लिए दुबई में सम्मानित होंगी ज़ारा खान .!

मुंबई - फ़िल्म अभिनेत्री सह समाजसेविका ज़ारा खान को आगामी 29 सितम्बर को दुबई में सम्मानित किया जाएगा । ज़ारा खान फ़िल्म जगत में अपनी खूबसूरत अदाकारी के लिए जानी जाती हैं ।मूलतः ग्वालियर मध्य प्रदेश की निवासी ज़रा हिंदी, तमिल ,तेलुगु और मराठी सहित कई भाषाओं में अपनी बेहतरीन अभिनय से लोगों के दिलों में खास जगह बना चुकी हैं । उनकी फिल्मों में वे अपने शसक्त अभिनय के लिए जानी जाती रही हैं । अभिनय के अलावा ज़ारा खान अपने समाजसेवा के लिए भी लोगों के बीच खासी लोकप्रियता हासिल कर चुकी हैं , समय समय पर और अपने जन्मदिन सहित ज़िन्दगी के कुछ खास पलों को ज़ारा खान अनाथ बच्चों, और असहाय लोगों के बीच उनकी जरूरत की चीजों के साथ खुशियां मनाती हैं। वे गरीबों में इसलिए भी लोकप्रिय हैं क्योंकि वे उनके बच्चों को स्कूल भेजने में मंदद करती हैं , उनके बच्चों के लिए स्टेशनरी का मुफ्त वितरण करती हैं । ज़ारा खान के समाज मे इन्हीं योगदानों और समर्पण को देखते हुए उन्हें दुबई में आगामी 29 सितम्बर को सम्मानित किया जाएगा । दरअसल दुबई में आगामी 29 सितम्बर को एक वृहद आयोजन होने जा रहा है जिसमें दुनियाभर के बड़े बड़े इन्वेस्टर और बिज़नेस जगत की जानी मानी हस्तियां शामिल होने जा रही हैं । इस आयोजन को जेनेसिस अल्टीमा दुबई - यूएई और महेज़ फाउंडेशन द्वारा संयुक्त रूप से आयोजित किया जा रहा है । इस सम्मिट में दुनियाभर से तमाम सेलिब्रिटी और बिजनेस टायकून हिस्सा लेने आ रहे हैं । यह एक तरह का टूरिज्म कान्क्लेव भी है जिसे दुबई के मशहूर पार्क रेजिस क्रिस किन होटल में आयोजित किया जा रहा है । इस समारोह में शामिल होने को लेकर ज़ारा खान खासी उत्साहित हैं और कहती हैं कि अब देश के साथ दुनिया के हर कोने में पहचान मिलना अपनेआप में काफी गौरव की बात है और इस सम्मान से उन्हें काफी फ़ख्र महसूस हो रहा है ।

# लाखन भैया की भैंसिया और मथुरा नगर निगम

कभी सपा सरकार के समय आजम खां की भैस ढूढ़ कर लाई जाती थी और अब भैस गिरफ्तार की जाती है तब वालों का शासन , और अब वालों कर शासन, वक्त अब जरूर बदल गया है। पर क्या सचमुच उत्तर प्रदेश का नगर निगम प्रशासन और शासन, प्रदेश स्तरीय इंटेलीजेंस सिस्टम विकसित कर सकी है ? तो क्या अब भैसो को राष्ट्रीय स्लीपर सेल और स्थानीय अपराधियों की श्रेणी में रखा माना जाए और उनका गठजोड़ आईएसआई और मुजाहिद के तबेले के भैसो से मान कर उनकी गिरफ़्तारी हो ! क्या नगर निगम का इंटेलीजेंस, बाबा की बुलडोजर सरकार को मुंह नहीं चिढ़ा रहा ? योगी सरकार में नगर निगम का यह प्रशासनिक कारनामा साधारण नहीं है, यह बतलाता है कि इंटरनेशनल ब्रदरहुड वाले मासूमों को भी हरे पत्ते खाने पर जेल हो सकती है और भैंसिया मजहब की अपराधिक जड़ें काफी गहरी और विस्तृत प्रतीत होती हैं। क्या आपने मथुरा नगर निगम का नया कारनामा सुना ! नहीं सुना तो हम सुनाते है मथुरा नगर निगम प्रशासन का शौर्य चक्र प्राप्त करने लायक़ वह करनामा जिसे पढ़कर आप भी सोचेंगे की आखिर यूपी प्रशासन का जवाब क्यों नहीं ! मामला कुछ यूँ है कि यूपी के मथुरा में वृन्दावन कुम्भ क्षेत्र में लाखन नामक ग्रामीण की भैस गिरफ्तार हो गई वो भी हरे पत्ते खाने के संगीन मामलें में अब जब भैस की गिरफ्तारी का मामला मिडिया में वायरल हुई तो लोग पूछने लगे कि अतीक की फरार बीवी शाइस्ता और भदोही सपा विधायक जाहिद बेग की बीबी सीमा बेग को ढूढ़ने में नाकाम लोग भैस को गिरफ्तार करके शौर्य चक्र पाने लायक़ कार्य कर रहे। उत्तरप्रदेश की पुलिस का नाम आजकल अपराधियों के हौसले पस्त करने, इनकाउंटर



**पंकज सीबी मिश्रा**
**राजनीतिक विशेषज्ञ-जौनपुर**

करने, धमक पैदा करने इत्यादि कई हवाबाजी/कलाबाजी भरे कारणों की वजह से इंटरटेनमेंट चैनलों की सुर्खियों में है। योगी जी का प्रशासन, योगी जी का सुशासन और बुलडोजर सरकार निश्चित रूप से जनमानस में सुरक्षा का भरोसा बहाल कर रहा है।

भैस गिरफ्तारी का घटना यह सामान्य नहीं है, न ही सामान्य विफलता। उत्तर प्रदेश सरकार में एक समिति अवधारणा है जिसका काम सिर्फ ऐसे नये नये उपाय सुझाना है जिससे सरकार की जमकर खींच हो अर्थात खिचाई हो और कर्मचारियों की आमदनी बढ़ती रहे उधर लाखन जैसे आम आदमी की पौ फटती रहे ! पुलिस की वसूली के किस्से तो आम रहें पर अब गई भैंसिया जेल में जैसे स्लोगन नें तो नगर निगम मथुरा के कांधे पर वाहवाही का जो स्टार लगाया है वह भारत रत्न लायक है। भले आपने क्या आपकी सात पुश्तों ने कभी कोई अपराध न किया हो लेकिन अगर आपकी भैंसिया हरे पत्ते खा लें तो आप पर बदनुमा दाग़। अगर भैस के रखवाले हत्थे चढ़ गए फिर तो मजा ही मजा। आप पर थोपे जा सकने वाले अपराधों का एक पूरा मेंन्यु होगा। हरे पत्तों का लूट पाट, अवैध हथियार, चोरी की बाइक, चरस इत्यादि रखने जैसा अपराध मान लिया जा सकता है। साहिब का मूड हुआ तो मुठभेड़ भी दिखा के भैंसिया को दो चार लठ्ठ बजा भी देंगे। रेवेन्यू भी चाहिए क्योंकि वसूली का टारगेट फिक्स होता है, अब बेचारे नगर निगम वाले वसूली के लिए करें तो करें क्या और तब ज़ब कुछ नहीं सुझा तो भैस को ही शिकार बना डाला। इनका तो पूछिए मत हाल। ये बदतर स्थिति है कि नगर निगम वालों को रिकवरी नोटिस तक लें जाने वालों के लिए रिश्वत देनी पड़ रही है। कानून के रखवाले और क़ानून से ऊपर अर्थात एडिशनल ब्रह्मा । आम सामान्य आदमी की जिंदगी को अंधेरे में कैसे धकेला जाये इस पर भी नगर निगम प्रशासन रिसर्च कर रहा है। निगम का लाइनमैन बिना कुछ लिए खम्बे पर नहीं चढ़ता, निगम में घुसा चोर आनंदित रहता है। ईमानदार का जहन फाड़ के दोबर कर दो। उस पर वर्तमान समय में बजट की कटौती ने इतिहास रच डाला। जब फ़ोन करो एक ही जवाब, फॉल्ट है। नया कांड करने पर आपकी खाल उतार दिया जा रहा है, तो इन बड़े शहरों में भैंसिया कैसे सुरक्षित निकल पाती ! जहाँ ट्रैफिक विभाग का ये हाल है के कार वालों बिना दिए नहीं निकल सकते, बाईक वाले हेलमेट के साथ सुरक्षित नहीं, चालान तक सीधे एसएमएस से बन आ जाते हैं। भैस की क्या बात करें जब मुझे पता चला कि एक मित्र बेचारे जौनपुर में रहते हैं, कभी बाइक से जिले के बाहर न गए। बाइक घर में थी और चालान दूसरे जिले से कट कर मैसेज आ गया। और ये सब तो बस ट्रेलर है गुरु। राम राज्यम कथा की पूरी कहानी तो ऐसी अनंत लिखी है कि आप भी कहेँगे निगम अनंत निज कथा अनंता, सरकारी कर्मियों के लिए क्या लिखूं अब तो भैस की गिरफ्तारी सुन कर मन खट्टा हो रहा और समंदर स्याही और धरती कागज़ कर भी मथुरा नगर निगम की प्रशंसा लिखी ना जाये !

## अपनी समस्या हमें बतायें

**आपके साथ या आपके आस-पास कोई घटना, दुर्घटना, भ्रष्टाचार, जुर्म हुआ है या उत्पीड़न हुआ है अथवा आपके क्षेत्र की समस्या है और आपकी समस्या जायज है तो आपकी समस्याओं के समाधान हेतु सम्बन्धित उच्च अधिकारियों एवं शासन-प्रशासन तक पहुंचाने के लिये बी पी एस न्यूज आपके साथ है। आपकी खबर शत् प्रतिशत प्रकाशित की जायेगी। एवं आपका नाम व नम्बर आपके अनुसार प्रकाशित या पूर्णतया गुप्त रखा जायेगा।**

**दिये गये नम्बर पर काल करें या हमें ई मेल करें।**

फोन नं.- 8423454502, bps.knp786@gmail.com

## आवश्यक सूचना

**प्रिय ग्राहकों/विज्ञापनदाताओं को सूचित किया जाता है कि बी.पी.एस. न्यूज समाचार पत्र में नगद भुगतान की व्यवस्था नहीं है। कृपया चेक/डी.डी. बी पी एस न्यूज के नाम से ही चेक आदि भेजें। नगद भुगतान की व्यवस्था नहीं है। नगद भुगतान करने पर विज्ञापनदाता स्वयं जिम्मेदार होंगे। - संपादक**

## आवश्यकता है

**बी पी एस न्यूज राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक, साप्ताहिक समाचार पत्र व ऑनलाइन न्यूज चैनल (पोर्टल) के लिये समस्त तहसीलों एवं ब्लाक स्तर पर ब्यूरो चीफ, संवाददाताओं, छायाकार तथा विज्ञापन प्रतिनिधियों युवक-युवतियों की आवश्यकता है।**

**संपर्क करें -:**

मो.: 8423454502

email:bps.knp786@gmail.com

# आज से ग्रीनपार्क में दूसरा टेस्ट मैच; मैदान पर जलवा बिखेरेंगे रोहित



## पांडु नगर पुलिया पर बनेगा मॉडल चौराहा, दो किमी. की सड़क होगी चौड़ी, फैला अंधेरा होगा दूर

कानपुर। काकादेव नीर क्षीर चौराहे से शास्त्री नगर सेंट्रल पार्क जाने वाली सड़क चौड़ी होगी। वहीं, पांडु नगर पुलिया चौराहा मॉडल चौराहे के रूप में विकसित किया जायेगा। मेट्रो कार्य से हुये डॉयवर्जन की वजह से सड़क पर ट्रैफिक लोड बढ़ गया है। इससे भीषण जाम लग रहा है।

जिसको देखते हुये बुधवार को क्षेत्रीय भाजपा विधायक सुरेंद्र मैथानी ने नगर आयुक्त सुधीर कुमार व चीफ इंजीनियर नगर निगम के साथ मौके का निरीक्षण किया। इस दौरान मैथानी ने डबल पुलिया से लेकर लोहारन भट्टा तक अंधेरे की वजह से होने वाले एक्सीडेंट का मुद्दा भी नगर आयुक्त के सामने रखा। इसपर नगर आयुक्त ने पूरे मार्ग पर लाइट लगवाने के निर्देश दिये हैं।

गोविंद नगर विधायक सुरेंद्र मैथानी पंडित श्याम बिहारी मिश्रा मार्ग (डबल पुलिया से लोहारन भट्टा तक निर्मित सड़क) का निरीक्षण किया। पांडु नगर पुलिया चौराहा को एक मॉडल चौराहा बनाने के लिए कार्य योजना तैयारी को अंतिम स्वरूप दिया। विधायक ने नीरछीर चौराहा काकादेव से लेकर पांडु नगर पुलिया और शास्त्री नगर सेंटर पार्क तक पूरी सड़क का चौड़ीकरण एवं सुंदरीकरण करने को कहा।

चौराहे पर ट्रैफिक सिग्नल लाइट, स्पीड ब्रेकर, 10-10 मीटर दोनों तरफ बाउंड्री को तोड़कर रेलिंग लगाकर चौराहे को मॉडल चौराहा बनाया जाये। चौराहे के बीच में एक स्तंभ भी बनाया जाये। विधायक ने केस्को के ट्रांसफार्मर को 10 मीटर शिफ्ट करने को कहा जिसपर नगर आयुक्त ने भुगतान करने में असमर्थता जताई। इस पर विधायक ने कहा कि मैं अपनी निधि से 7 लाख रुपये केस्को को भुगतान करवा दूंगा।

इस दौरान कार्यदायी संस्था यूपीएसआईसी के टेक्निकल कर्मचारी और अधिकारियों ने चौराहे के संभावित स्वरूप की डिजाइन भी दिखाई। विधायक ने नगर आयुक्त से कहा कि मैं अपनी विधायक निधि से इस चौराहे का सुंदरीकरण और चौड़ीकरण करा रहा हूं। विधायक मैथानी ने कहा कि श्याम बिहारी मिश्र मार्ग की बस्ती का सीवेज को अलग जोड़ा जाये जिससे पानी सड़क पर न भरे और सड़क खराब न हो सके। नगर आयुक्त सुधीर कुमार ने चौराहे पर एक हाई मास्क भी लगवाने के निर्देश दिए। इस दौरान दीपक सिंह, आनंद दुबे, गुड्डन, राघवेंद्र दुबे, रवि, अमित वर्मा, विपिन दुबे आदि मौजूद रहे।

## कोहली और पंत, कुलदीप को भी मिल सकता मौका

बीपीएस न्यूज

कानपुर। ग्रीनपार्क में भारत और बांग्लादेश के बीच दूसरा टेस्ट मैच कल से शुरू होने जा रहा है। कानपुर में क्रिकेट प्रेमियों में अंतरराष्ट्रीय मैच को लेकर काफी उत्साह देखने को मिल रहा है। शुक्रवार सुबह आठ बजे से ही स्टेडियम में प्रवेश शुरू हो जाएगा।

भारी भीड़ की आशंका के चलते प्रशासन ने भी सुरक्षा को लेकर पुख़्ता इंतजाम किए हैं। स्टेडियम में प्रवेश के लिए सभी इंट्री प्वाइंट्स पर बैरिकेडिंग की गई है, जहां पर टिकट दिखाने के बाद लोगों को त्रि-स्तरीय सुरक्षा घेरे से होकर गुजरना होगा।

यूपी विधान सभा अध्यक्ष सतीश महाना और यूपीसीए अध्यक्ष डॉ.निधिपति संघानिया मैच का उद्घाटन करेंगे। इसके बाद दोनों टीमों के बीच टॉस होगा। मैच के पहले दिन बारिश खेल में खलल डाल सकती है।

क्रिकेट प्रेमियों में कोहली, रोहित, शुभमन गिल और ऋषभ पंत जैसे कई अन्य स्टार खिलाड़ियों को मैदान पर देखने के लिए उत्साह देखने को मिल रहा है। वहीं कुलदीप यादव का ग्रीनपार्क घरेलू मैदान है। ऐसे में उन्हें इस मैदान के बर्ताव के बारे में बेहतर तरीके से पता है।

ऐसे में, पहले टेस्ट मैच से बाहर रहे कुलदीप को घरेलू मैदान पर खेलने का मौका मिल सकता है। जो कि स्थानीय दर्शकों के लिए खुशी की बात रहेगी। फिलहाल अंतिम-11 टीम की घोषणा मैच से ठीक पहले ही होगी।



## कानपुर टेस्ट मैच से ठीक पहले शाकीब अल हसन ने लिया संन्यास

कानपुर। भारत-बांग्लादेश के बीच दूसरे टेस्ट मैच से ठीक पहले बांग्लादेशी स्टार खिलाड़ी शाकीब अल हसन ने टेस्ट और टी-20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास का ऐलान कर दिया है। उनकी इस घोषणा ने क्रिकेट जगत को चौंका दिया।

शाकीब ने प्रेसवार्ता में कहा- मैं दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ अगले महीने मीरपुर में खेले जाने वाले टेस्ट मैच के बाद रिटायर हो जाऊंगा। यह मेरे करियर का आखिरी मैच होगा मगर मुझे नहीं पता कि उस मैच में मुझे खेलने का मौका मिलेगा या नहीं। अपना टेस्ट करियर अपने घरेलू दर्शकों के सामने समाप्त करना सही रहेगा। मुझे लगता है कि बांग्लादेश क्रिकेट ने मुझे बहुत कुछ दिया है और मैं इस फॉर्मेट में अपना आखिरी मैच घरेलू धरती पर खेलना चाहूंगा। मुझे लगता है कि अब टेस्ट क्रिकेट को अलविदा करने का समय आ गया है। मगर मैं आश्वस्त नहीं हूं कि देश में अप्रिय हालात के बीच मीरपुर में अपने दर्शकों के सामने मुझे रिटायर होने का मौका मिलेगा।卐 शाकिब ने आगे



कहा कि टी20 क्रिकेट से वह तत्काल प्रभाव से सन्यास ले रहे हैं ज्योंकि उन्हे लगता है कि फटाफट क्रिकेट में युवाओं को अवसर दिया जाना चाहिये और इसके लिये उन्हे अब क्रिकेट के इस संस्करण से विदा लेनी होगी।

## 96 लाख हारने वाले युवक पर धोखाधड़ी का आरोप

कानपुर। ऑनलाइन गेम में 96 लाख रुपये हारने की बात करने वाले युवक पर धोखाधड़ी का आरोप लगाकर काकादेव निवासी भाजपा नेता अक्षय त्रिवेदी ने थाने में लिखित शिकायत की है। पुलिस ने मामले की जांच कर कार्रवाई का आश्वासन दिया।पूर्व जिला संयोजक भाजपा युवा मोर्चा अक्षय त्रिवेदी ने लिखित शिकायत में बताया कि इन दिनों सोशल मीडिया पर एक वीडियो वायरल हो रहा है। जिसमें एक युवक खुद को बिहार का रहने वाला बताकर ऑनलाइन गेम में 96 लाख रुपये हारने की बात कह रहा है। अक्षय त्रिवेदी ने पुलिस से दावा किया कि कुछ दिनों पहले यह युवक उन्हें कानपुर में मिला था। अपनी मजबूरी बताते हुए पढ़ाई नहीं कर पाने की बात कही थी।

## अवनीश दीक्षित के साथियों की बढ़ी मुसीबतें, कोर्ट ने सुनाया फैसला...



बीपीएस न्यूज

कानपुर। नजूल की जमीन कब्जाने व डकैती के मुकदमों में नामजद 50 हजार के इनामी जीतेश झा व अली अब्बास की अग्रिम जमानत याचिका एडीजे-6 की कोर्ट ने खारिज कर दी।

सिविल लाइंस स्थित नजूल की जमीन कब्जाने के प्रयास में लेखपाल विपिन कुमार ने कोतवाली में पूर्व प्रेसक्लब अध्यक्ष अवनीश दीक्षित, अली अब्बास व जीतेश झा समेत 13 नामजद व 20 अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया गया था। इसके बाद सिविल लाइंस निवासी सैमुएल गुरुदेव ने उक्त आरोपियों समेत 12 नामजद व 20 से 25 अज्ञात लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई थी, जिसके बाद से आरोपी जीतेश झा व अली अब्बास फरार चल रहे थे।

पुलिस ने आरोपियों पर 50 हजार का इनाम घोषित किया था। जीतेश व अब्बास ने एडीजे-6 कमलेश कुमार पाठक की कोर्ट में अग्रिम जमानत याचिका दाखिल की थी। गुरुवार को मामले में सुनवाई हुई, कोर्ट ने दोनों आरोपियों की याचिका खारिज कर दी।

**सात दिन का मांगा समय, कोर्ट ने लगाई फटकार**

एपीफैनी मामले में गुरुवार को आरोपी मो. सलीम की ओर से एडीजे-6 की कोर्ट में दाखिल की गई अग्रिम जमानत याचिका पर सुनवाई हुई। कोर्ट ने पुलिस से मामले में रिपोर्ट मांगी थी, जिस पर अभियोजन की ओर से बताया गया कि विवचेक टेस्ट मैच के कारण मैच में व्यस्त है, जिस पर जवाब तैयार नहीं हो पाया।

अभियोजन की ओर से जवाब दाखिल करने के लिए 7 दिन का समय मांगा गया था। कोर्ट ने फटकार लगाते हुए कहा कि प्रार्थनापत्र पर समय दिए जाने का कोई आधार नहीं है। अभियोजन को निर्देशित किया कि आपत्ति प्रस्तुत करनी हो तो उसे अविलम्ब तैयार कर लें। कोर्ट ने सुनवाई की तिथि 27 सितंबर निर्धारित की।

**संगठित अपराध की बढ़ी धारा, जमानत पर बल नहीं दिया**

नजीराबाद थाने में कमलेश फाइटर व अनवरगंज इफ्तिखाराबाद निवासी मुशीर खान के खिलाफ रंगदारी का मुकदमा दर्ज किया गया था। पुलिस ने कमलेश व उसके अन्य साथियों के साथ ही मुशीर को गिरफ्तार कर जेल भेजा था। मुशीर ने एडीजे-6 की कोर्ट में जमानत याचिका दाखिल की थी। मुकदमें में संगठित अपराध की धारा बढ़ने के बाद बचाव पक्ष की ओर से याचिका पर बल नहीं दिया गया।

**वसूली मामले में अखलाक की जमानत मंजूर**

अनवरगंज के गुरबत्तुल्ला पार्क निवासी मुफीद खान ने अनवरगंज थाने में अवनीश दीक्षित, वसीम खान, अखलाक खान के खिलाफ वसूली की धाराओं में मुकदमा दर्ज कराया था। मुफीद ने बताया था कि अवनीश दीक्षित व उसके साथियों ने उनके बच्चों की कनपटी पर पिस्तौल लगाकर नोटरी एग्रीमेंट पर गवाह बना फर्जी हस्ताक्षर कराए।


आरोप लगाया कि पत्नी सबा को डरा धमका कर हस्ताक्षर करा लिए और मकान पर कब्जा कर लिया। बताया कि ये गैंग गरीबों की जमीन व मकान पर कब्जा करता है।

## 50 किलो चांदी लेकर कारीगर फरार, सर्राफा व्यापारी ने पुलिस से की शिकायत

कानपुर। शहर में एक बार फिर कारोबारी का विश्वास जीतने के बाद कारीगर 46 लाख कीमत की चांदी लेकर फरार हो गया। पीड़ित को शक तब हुआ जब मोबाइल बंद कर आरोपी घर से फरार हो गया। अपने साथ हुई घटना की जानकारी पीड़ित ने सर्राफ कमेटी के अन्य सदस्यों को दी।जिसके बाद आधा सैकड़ा व्यापारी कोतवाली पहुंचे और अपनी लिखित शिकायत दर्ज कराई। आनन-फानन पुलिस दुकान पहुंची और आसपास के लोगों से आरोपी की जानकारी ली। पुलिस ने आरोपी की धरपकड़ की लिए उसका मोबाइल सर्विलांस में लगाकर सीसीटीवी फुटेज खंगालना शुरू कर दिया है। एक बार फिर सर्राफा कारोबारी के साथ हुई घटना से व्यापारियों में रोष व्याप्त है।

बंगाली मोहाल निवासी कारोबारी अश्विनी वर्मा उर्फ टिंकू की चौक सर्राफा में डिंपल ट्रेडर्स के नाम से फर्म है। यहां पर चांदी की पेटी बनाने का काम होता है। साथ ही सिक्के और जेवर बनाने का भी काम होता है। बताया कि आरोपी कारीगर रविंद्र सिंह निवासी शुक्लागंज उन्नाव छह वर्ष से काम कर रहा था। पीड़ित ने बताया कि काम करते-करते उसने उन लोगों का विश्वास जीत लिया।

इसके बाद 46 लाख रुपये कीमत की 50 किलो चांदी लेकर फरार हो गया। पीड़ित ने घटना की सूचना उत्तर प्रदेश ज्वैलर्स एसोसिएशन के प्रदेश महामंत्री पुष्पेंद्र को दी। जिसके बाद वह लोग मौके पर पहुंचे और घटना की जानकारी ली। इसके बाद एसोसिएशन के अध्यक्ष मुकुल वर्मा, चेयरमैन किशोर सक्सेना, पुरुषोत्तम वर्मा, कपिल समेत आधा सैकड़ा पदाधिकारी कोतवाली थाने पहुंचे और मामले की शिकायत की।इस संबंध में कोतवाली एसओ संतोष ने बताया कि एक व्यापारी का आरोप है, कि उनका कारीगर चांदी लेकर फरार हुआ है। टीम लगाकर आरोपी की तलाश में सीसीटीवी फुटेज देखे जा रहे हैं। व्यापारी को कारीगर के बारे में ठीक से कुछ नहीं पता है। फरार कारीगर संपत लवेटे को आज तक ढूंढ नहीं पाई पुलिस बजरिया थानाक्षेत्र के बेकनगंज सर्राफा बाजार से महाराष्ट्र के सांगली जिला निवासी कारीगर संपत राव लवेटे को पुलिस ढूंढ नहीं पाई है।आरोपी



व्यापारियों का 15-20 किलो सोना व एक करोड़ से ज्यादा की नकदी लेकर फरार हो गया था। इस मामले में उसका साथी महेश मस्के गिरफ्तार कर जेल भेजा जा चुका है। लेकिन 10 माह बीतने के बाद भी उसका कुछ नहीं पता चल सका है। उसके खिलाफ पुलिस गैर जमानती वारंट भी ले चुकी है।

## आवास विकास की भूमि पर हो गये पक्के निर्माण

कानपुर। आवास विकास हंसपुरम नौबस्ता में बनी योजना संख्या 2 में कई भूखंडों पर अवैध रूप से पक्के कब्जे हो गये हैं। सरकारी जमीन पर कब्जेदार पक्के निर्माण कर किराया भी वसूल रहे हैं। आवास विकास परिषद की ओर से कब्जों को खाली करने के नोटिस के बाद भी विभागीय अधिकारी कारवाई नहीं कर रहे हैं। जिसको देखते हुये आवास विकास परिषद ने तत्काल ध्वस्तीकरण का आदेश जारी कर दिया है। नगर निगम से इन कब्जों को तोड़ने को कहा गया है।हंसपुरम में सेक्टर 2ए 314 से 318 तक भूखंडों पर अवैध रूप से कब्जा है। इसी तरह सेक्टर टू डी में स्थित व्यवसायिक भूखंडों के लिये स्थापित की गई पार्किंग के भाग पर भी अवैध रूप से आरसीसी, पिलर्स खड़ा कर बाउंड्रीवाल का निर्माण कर लिया गया है।

वहीं परिषद के सेक्टर 1 बही में स्थित परिषद के आवासीय भूखंड पर अनाधिकृत रूप से कब्जा है। जिसको लेकर परिषद ने ध्वस्तीकरण के आदेश जारी कर दिये हैं। विभाग ने कहा है कि 7 दिनों में यदि अवैध निर्माणों पर कार्रवाई नहीं की गई तो अवैध निर्माण कर्ताओं से भू-राजस्व की तरह कर की वसूली की जायेगी।

## इलाज में लापरवाही से मौत का मामला धनवंतरि हॉस्पिटल व डॉक्टरों पर एफआईआर दर्ज

कानपुर। इलाज में लापरवाही से पत्नी की मौत होने पर रिटायर्ड सैन्यकर्मी ने धनवंतरि हॉस्पिटल व उसके चिकित्सकों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई। पीड़ित का आरोप है कि चिकित्सकों ने गलत दवाओं का प्रयोग कर कुछ ही समय में पत्नी को मरणासन्न अवस्था में पहुंचा दिया।

जनता नगर बर्रा-3 निवासी अशोक कुमार रक्षा व वित्त मंत्रालय के क्षेत्रीय लेखा कार्यालय कैंट में वरिष्ठ लेखा परीक्षक के पद पर कार्यरत थे। अशोक के मुताबिक वह सीजीएचएस के लाभार्थी हैं। 4 दिसंबर 2023 को उन्होंने पत्नी पूनम बाला को सांस लेने में तकलीफ व पेट दर्द की समस्या पर धनवंतरि सिग्मा हॉस्पिटल में भर्ती कराया, जहां अल्ट्रासाउंड के बाद नौबस्ता स्थित धनवंतरि हॉस्पिटल जाने को कहा गया। जहां अस्पताल प्रबंधन ने उनसे पैसे एंठे और पत्नी पर गलत दवाओं का प्रयोग किया। जिससे वह मरणासन्न हो गईं। इसके बाद दो लाख की मांग कर जबरन हस्ताक्षर करा कर पत्नी को वेंटिलेटर पर डाल दिया। हालचाल पूछने पर उनसे अभद्रता की, जिस पर उन्होंने 5 दिसंबर की शाम पत्नी को वहां से हटाकर रीजेंसी हॉस्पिटल में भर्ती कराया, जहां उनकी मौत हो गई। जिलाधिकारी से शिकायत पर तीन डॉक्टरों के पैनल ने जांच की। जिसमें धनवंतरि हॉस्पिटल को दोषी ठहराया गया। पीड़ित ने हनुमंत विहार में थाने में धनवंतरि सिग्मा अस्पताल व धनवंतरि सुपर स्पेशलिस्ट नौबस्ता के डॉक्टरों व प्रबंधन के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई।

## नगर निगम का 251 घंटे का सफाई अभियान शुरू, महापौर और नगर आयुक्त ने झाड़ू लगाकर स्वच्छता के प्रति लोगों को किया जागरूक



बीपीएस न्यूज

कानपुर। स्वच्छ भारत मिशन 2.0 के अंतर्गत स्वच्छता ही सेवा है कार्यक्रम के तहत नगर निगम ने 251 घंटे अनवरत चलने वाले सफाई अभियान की शुरुआत की। महापौर प्रमिला पांडेय और नगर आयुक्त सुधीर कुमार ने अपनी टीम के साथ संगीत टाकीज के सामने झाड़ू लगाई। महापौर ने सफाई योद्धाओं को संबोधित करते हुए कहा कि यह सफाई अभियान उत्तर प्रदेश सरकार की मंशा के अनुरूप 5 अक्टूबर तक चलाया जाएगा। इस अभियान का उद्देश्य जनमानस को स्वच्छता के प्रति जागरूक करना व अपने आसपास के वातावरण को स्वच्छ रखते हुए शहर को भी स्वच्छ रखना है। महापौर एवं नगर आयुक्त ने संगीत सिनेमा के सामने मुख्य मार्ग पर झाड़ू लगाकर अखंड महाअभियान का शुभारंभ किया।

# कानपुर में हिंदू संगठनों ने भारत-बांग्लादेश टेस्ट मैच रद्द करने की मांग को लेकर विरोध प्रदर्शन



बीपीएस न्यूज

कानपुर। कानपुर नगर के ग्रीन पार्क से लगभग 1500 मीटर दूर 'सद्भावना चौराहे पर शुक्रवार को हिंदू संगठनों के कार्यकर्ताओं ने 'हनुमान चालीसा का पाठ किया और आज के 'भारत-बांग्लादेश टेस्ट मैच को रद्द करने की मांग को लेकर विरोध प्रदर्शन किया। एक पुलिस अधिकारी ने यह जानकारी दी। ग्रीन पार्क में शुक्रवार को सुबह दोनों देशों के बीच टेस्ट मैच शुरू हुआ। पुलिस के अनुसार विश्व हिंदू परिषद (विहिप) और बजरंग दल सहित हिंदू कार्यकर्ताओं के विरोध की सूचना मिलने के बाद पुलिस अधिकारी तुरंत सक्रिय हो गये।

पुलिस उपायुक्त (दक्षिण) अंकिता शर्मा के नेतृत्व में भारी पुलिस बल प्रदर्शन स्थल पर पहुंचा और प्रदर्शनकारियों को ग्रीन पार्क स्टेडियम की ओर बढ़ने से रोक दिया। एक अधिकारी ने बताया कि वरिष्ठ अधिकारियों ने तुरंत उप्र पुलिस के आतंकवाद निरोधक दस्ते (एटीएस) और खुफिया एजेंसियों को इस मुद्दे पर कड़ी निगरानी रखने और किसी भी स्थिति से निपटने के मद्देनजर तैयार रहने के लिए सतर्क कर दिया। पुलिस उपायुक्त (डीसीपी) अंकिता शर्मा ने बताया कि बजरंग दल और विहिप समेत हिंदू दक्षिणपंथी संगठनों के दर्जनों सदस्यों ने प्रदर्शन किया और हनुमान चालीसा का पाठ किया। उन्होंने बताया कि गुस्साए प्रदर्शनकारियों ने पड़ोसी बांग्लादेश में हिंदुओं पर हो रहे अत्याचारों का हवाला देते हुए ग्रीन पार्क स्टेडियम में भारत और बांग्लादेश के बीच जारी टेस्ट मैच को रद्द करने की मांग की। शर्मा ने बताया कि प्रदर्शनकारियों ने पुलिस आयुक्त को संबोधित एक लिखित ज्ञापन भी सौंपा, जिसमें उन्होंने कानपुर में भारत और बांग्लादेश के बीच टेस्ट मैच के आयोजन की कड़ी निंदा की और इसे अनुचित एवं अपमानजनक कृत्य बताया।

हालांकि, पुलिस ने प्रदर्शनकारियों को कानून अपने हाथ में न लेने के लिए शांत किया और ज्ञापन लेने के बाद उन्हें वहां से खदेड़ दिया।अपर पुलिस आयुक्त (कानून व्यवस्था) हरीश चंदर ने बताया कि एक सप्ताह पहले ही अखिल भारतीय हिंदू महासभा के 20 सदस्यों के खिलाफ बांग्लादेश में हिंदुओं पर हो रहे अत्याचारों के विरोध में स्टेडियम के सामने सड़क को अवरुद्ध करके कथित तौर पर हवन आयोजित करने के आरोप में प्राथमिकी दर्ज की गई थी।

## कोहली को देखने के लिए उन्नाव से कानपुर पहुंचा 15 वर्षीय प्रशंसक, साइकिल से पूरा किया 58 किमी सफर

बीपीएस न्यूज

कानपुर। कार्तिकेय कोहली की बल्लेबाजी देखने के लिए आए थे, लेकिन उनकी यह इच्छा पहले दिन पूरी नहीं हो सकी क्योंकि भारत ने टॉस जीतकर गेंदबाजी का फैसला लिया। इस मैच के शुरुआती दिन बारिश का साया रहा और मैच देर से शुरू होने के बाद जल्दी समाप्त करना पड़ा।भारत और बांग्लादेश के बीच कानपुर के ग्रीन पार्क स्टेडियम में दूसरा टेस्ट मैच खेला जा रहा है। इस बीच, सोशल मीडिया पर विराट कोहली का एक 15 वर्षीय प्रशंसक काफी वायरल हो रहा है। इस पोस्ट में दावा किया रहा है कि यह प्रशंसक उन्नाव से साइकिल के जरिये 58 किमी की यात्रा करके कोहली की बल्लेबाजी देखने के लिए कानपुर पहुंचा है। वायरल वीडियो में इस किशोर ने अपना नाम कार्तिकेय बताया है। कार्तिकेय के अनुसार, उन्होंने तड़के चार बजे यात्रा शुरू की थी और यह सुबह 11 बजे स्टेडियम पहुंचे थे। यह पूछे जाने पर कि क्या उनके माता-पिता ने उन्हें ऐसा करने से रोका था? इस पर कार्तिकेय ने बताया कि माता-पिता ने उन्हें अकेले यात्रा करने की अनुमति दी थी। कार्तिकेय 10वीं कक्षा के छात्र हैं।

## आई एम फिनिश्ड का मैसेज भेजकर व्यापारी लापता, परिजन कर रहे तलाश

### व्यापार संबंधी लाखों का कर्जा था



बीपीएस न्यूज

कानपुर। सॉरी,आई एम फिनिश्ड का परिजनों को मोबाइल पर मैसेज भेजकर कपड़ा व सर्राफ का काम करने वाला व्यापारी संदिग्ध परिस्थितियों में लापता हो गया। रात होने पर जब वह घर नहीं लौटे तो परिजनों ने कॉल की। जिस पर उनका मोबाइल नंबर बंद बताता रहा। जिससे परिवारीजनों में हड़कंप मच गया। परिवार वाले पुलिस की मदद से व्यापारी की तलाश कर रहे हैं, लेकिन अभी तक उनका कुछ पता नहीं चल सका है। परिजनों का कहना था कि भेजे गए मैसेज के बाद से वह लोग दहशत में हैं।

वहीं पुलिस का कहना है, कि व्यापारी की लगातार तलाश की जा रही है। बिठूर थानाक्षेत्र में स्थित आईआईटी गेट निवासी 32 वर्षीय सोमनाथ शुक्ला उर्फ सोमू की घर के पास कपड़ा और ज्वैलर्स का व्यापार है। परिजनों ने बताया कि रोज की तरह वह गुरुवार को स्कूल में बच्चों को छोड़कर मंदिर दर्शन करके घर लौटे थे। इसके बाद किसी का फोन आया तो वह निकल गए। परिजनों का लगा कि वह शॉप पर गए हैं, लेकिन वह वहां पहुंचे ही नहीं।

रोज की तरह लौटने के समय जब वह नहीं आए तो उन्हें कॉल करने के लिए फोन किया। लेकिन उससे पहले उन लोगों और दोस्तों के मोबाइल पर मैसेज पहुंचा जिसमें लिखा था कि सॉरी, आई एम फिनिश्ड यह देख उन लोगों के होश उड़ गए। आनन-फानन कॉल की गई तो मोबाइल बंद बताने लगा।

इसके बाद शॉप पर पहुंचे तो आसपास के लोगों ने बताया कि शॉप खुली ही नहीं। इस पर उन लोगों को अनहोनी की आशंका हुई। वह लोग नाते रिश्तेदारों, दोस्तों के यहां फोन लगाकर उनका पता लगाने लगी लेकिन कहीं जानकारी नहीं हुई। उन लोगों को इतना पता चला कि शाम के समय उन्होंने परिजनों और कुछ दोस्तों को फोन पर मैसेज भेजा था। इस घटना के बाद से पत्नी भारती, आठ वर्षीय बेटा अंशू, मां गीता परेशान हैं। व्यापारी की तलाश में दोस्त और परिजन पोस्टमार्टम हाउस फोटो लेकर पहुंचे और जानकारी की।

इस संबंध में बिठूर थाना प्रभारी का कहना है, कि युवक का मोबाइल सर्विलांस पर लगाया गया है, आखिरी की लोकेशन गंगाघाट शुक्लागंज के बाद कल्याणपुर की मिली है। व्यापारी को ट्रेस करने के साथ सीसीटीवी फुटेज भी चेक किए जा रहे हैं। वहीं पुलिस सूत्रों ने बताया कि उस पर व्यापार संबंधी लाखों का कर्जा था इस कारण वह परेशान चल रहा था।


## कानपुर स्टेडियम के अंदर बांग्लादेशी प्रशंसक की पिटाई की घटना का पुलिस ने किया खंडन



बीपीएस न्यूज

कानपुर। ग्रीन पार्क स्टेडियम में शुक्रवार को भारत-बांग्लादेश क्रिकेट टेस्ट मैच देख रहे एक बांग्लादेशी प्रशंसक की कथित तौर पर पिटाई की घटना का खंडन किया है। पुलिस ने बताया कानपुर के ग्रीन पार्क में भारत बांग्लादेश के बीच चल रहे क्रिकेट मैच के दौरान मीडिया सेंटर के सामने एक दर्शक जिनका नाम टाइगर बताया जा रहा है, उनकी तबियत अचानक से खराब हुई और वे वहीं अचानक से गिर गए।दिनांक 27.09.2024 को कानपुर के ग्रीन पार्क में भारत बांग्लादेश के बीच चल रहे क्रिकेट मैच के दौरान मीडिया सेंटर के सामने एक दर्शक जिनका नाम टाइगर बताया जा रहा है, उनकी तबियत अचानक से खराब हुई। इसको देखते ही मौके पर उपस्थित पुलिसकर्मियों द्वारा वहां उपस्थित मेडिकल टीम के सहयोग से स्टेडियम में बने मेडिकल कैम्प में उपचार हेतु ले जाया गया। वहां उनका उपचार कराया गया। वर्तमान में वह स्वस्थ्य और कुशल हैं। उनके साथ एक लाइजन ऑफिसर को भी लगाया गया है ताकि किसी भी असुविधा पर उन्हें तुरंत उपचार या अन्य सहयोग उपलब्ध कराया जा सके। उनके साथ मारपीट की घटना का होना नहीं पाया गया है पुलिस सूत्रों के अनुसार, इस बांग्लादेशी प्रशंसक को 'टाइगर रॉबी' के नाम से जाना जाता है। वह बाघ की वेशभूषा में था और स्टेडियम की सी ब्लॉक बालकनी में खड़ा था, जहां यह घटना हुई। वहां से चिकित्सा अधिकारी और सुरक्षाकर्मी बांग्लादेशी प्रशंसक को स्टेडियम से बाहर ले जा रहे हैं। बाद में, उन्होंने उसे एक कुर्सी पर बिठाया और पानी भी पिलाया। वीडियो क्लिप में देखा जा सकता है कि प्रशंसक ने इशारा किया कि उसकी पीठ के निचले हिस्से पर मुक्का मारा गया है। हालांकि, कानपुर पुलिस ने आरोपों से इनकार करते हुए दावा किया कि उसके आरोप को सीसीटीवी फुटेज से सत्यापित किया जाएगा। अपर पुलिस आयुक्त (कानून व्यवस्था) हरीश चंदर ने को बताया कि बांग्लादेशी प्रशंसक के शरीर में पानी की कमी हो गई थी और उसे अस्पताल ले जाया गया। पुलिस अधिकारी ने कहा, बांग्लादेशी प्रशंसक गहरी सांस ले रहा था और जब एक पुलिस आरक्षी (कांस्टेबल) वहां पहुंचा तो वह (बांग्लादेशी प्रशंसक) उससे बात करने से पहले ही बेहोश हो गया, लेकिन अब वह ठीक है। घटना से संबंधित अन्य विवरण का पता लगाया

## इरफान सोलंकी की बढ़ सकतीं मुश्किलें...सजा बढ़ाने की सरकार की अपील



कानपुर। इलाहाबाद हाईकोर्ट में कानपुर की सीसामऊ सीट से समाजवादी पार्टी के पूर्व विधायक इरफान सोलंकी और उनके भाई रिजवान सोलंकी को मकान पर कब्जे के प्रयास में आगजनी के मामले में मिली सजा के खिलाफ दाखिल अपील और सजा बढ़ाने की सरकार की अपील पर शुक्रवार को सुनवाई नहीं हो सकी। कोर्ट ने सुनवाई के लिए अब आगामी 3 अक्टूबर की तिथि सुनिश्चित की है। मामले की सुनवाई न्यायमूर्ति राजीव गुप्ता और न्यायमूर्ति सुरेंद्र सिंह (प्रथम) की खंडपीठ के समक्ष हुई। अगली तिथि पर अपील के साथ अन्य मामलों की एक साथ सुनवाई होगी। मालूम हो कि जाजमऊ की डिफेंस कॉलोनी में नजीर फातिमा नाम की महिला का घर जलाए जाने के मामले में विधायक इरफान सोलंकी और उनके भाई रिजवान सोलंकी को एमपी/एमएलए कोर्ट ने 7 साल की सजा सुनाई थी। इसी सजा के खिलाफ सोलंकी ने हाईकोर्ट का दरवाजा खटखटाया था। बता दें कि विधायक के खिलाफ नज़ीर फातिमा के घर पर कब्जा करने की मंशा से आगजनी के मामले सहित 11 और मुकदमे दर्ज हैं।

## मकान में गोकशी पर छापेमारी, पुलिस ने सात लोगों को जेल भेजा

कानपुर। रेलबाजार थानाक्षेत्र में स्थित एक मकान में गोकशी होने की सूचना पर भारी पुलिस बल ने छापेमारी की। पुलिस ने भारी मात्रा में मांस, कुल्हाड़ी, चाकू समेत सात आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। रेलबाजार थाना प्रभारी विजय दशम शर्मा ने बताया कि गुरुवार को सूचना के आधार पर पुलिस की टीम ने सुजातगंज स्थित चंदारी जैदी के मैदान के पास शकील अफजाल के घर पर छापेमारी की। जहां पर मकान की पहली मंजिल में गोकशी की जा रही थी। मौके से टीम ने 98 किलो मांस, एक कुल्हाड़ी, तीन चापड़, पांच चाकू समेत अन्य सामान बरामद किया। साथ ही मौके से सात आरोपियों को गिरफ्तार किया।

## शहीद भगत सिंह एवं शहीद शिरोमणि कमांडर इन चीफ चंद्रशेखर आजाद की प्रथम भेंट कानपुर में हुई थी : निन्नी पांडेय

बीपीएस न्यूज

कानपुर। कानपुर अपने आप में अनेक क्रान्तिकारी घटनाओं का साक्षी व केन्द्र रहा है। इसी कानपुर में ही प्रताप अखबार के सम्पादक अमर शहीद गणेश शंकर विद्यार्थी की स्थित फीलखाना में ठीक प्रेस के सामने एक गली थी जहाँ अब आगे जाकर विद्यार्थी जी की प्रतिमा लगी है एवं इस पार्क का नाम भी उन्ही के नाम से है, जो पूर्व में एक खाली मैदान था। इसी मैदान में सर्वप्रथम भेंट शहीद भगत सिंह व शहीद चन्द्रशेखर आजाद की शहीद विद्यार्थी के द्वारा कराई गई थी। निन्नी पाण्डेय ने बताया कि जब 1924 व 1925 के दौरान जब कानपुर आये और सुरेश चन्द्र भट्टाचार्या के माध्यम से गणेश जी व बटुकेश्वर दत्त से मिले थे। तभी वह प्रताप प्रेस में बलवंत सिंह के नाम से विद्यार्थी के सानिध्य में पत्रकारिता करने लगे थे।

इसी दौरान भगत सिंह को पता चला कि चन्द्रशेखर आजाद व विद्यार्थी लुकछिप मिलते है। इसे लेकर भगत भगत सिंह ने विद्यार्थी से अनुरोध किया कि आप हमारी भेट चन्द्रशेखर आजाद से करायें। फिर जब आजाद कानपुर आये तो विद्यार्थी ने उनके सामने भगत सिंह का प्रस्ताव रखा हांलाकि आजाद ने कहा कि मिलने की क्या जरूरत वह लोगों को आजादी की जंग से जोड़ने का काम करें। पर आजाद गणेश का आग्रह कैसे न माने और वह भगत सिंह से मिलने के लिए, तैयार हो गये। और प्रेस के सामने दोनों क्रान्तिवीरों की उक्त मैदान में प्रथम भेंट गणेश शंकर विद्यार्थी के अथक प्रयास से कराई गई और दोनों मिलकर अंग्रेजों के खिलाफ अनेक घटनाओं को अंजाम दिया था।

## राज्य सम्मेलन में अधिवक्ताओं ने एडवोकेट प्रोटेक्शन बिल लागू किये जाने की मांग की

बीपीएस न्यूज

कानपुर। उत्तर प्रदेश अधिवक्ता संघर्ष समिति एवं नेशनल लॉयर्स स्ट्रगल कमेटी की जॉइंट कोऑर्डिनेशन राज्य कमेटी के तत्वाधान में दि लायर्स एसोसिएशन सभागार कानपुर में अधिवक्ता राज्य सम्मेलन संपन्न हुआ। कार्यक्रम का संचालन राजरानी शर्मा, स्वागत सतीश शुक्ला अध्यक्ष उन्नाव बार एसोसिएशन व कार्यक्रम की अध्यक्षता समर बहादुर यादव जौनपुर बार एसोसिएशन एवं लालजी सिंह पटेल पूर्व महासचिव मिर्जापुर बार एसोसिएशन ने किया सम्मेलन में सर्वप्रथम न्याय पथ पर चले हुए पीड़ितों को न्याय दिलाने के कारण और असामाजिक तत्वों के द्वारा की गई अधिवक्ताओं की हत्या में शहीद न्याय वीरों को श्रद्धांजलि अर्पित की गई। सम्मेलन में पांच सदस्यीय अध्यक्ष मंडल का गठन किया गया

तथा अधिवक्ता आंदोलन की दशा व दिशा तथा भावी आंदोलन की रूपरेखा तय करने के लिए गंभीर विषय पर हुई परिचर्चा की शुरुआत राजेश कुमार गुप्ता प्रदेश अध्यक्ष उत्तर प्रदेश अधिवक्ता संघर्ष समिति ने किया। उन्होंने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा आजादी के दीवाने अमर शहीदों ने अपने संघर्षों और बलिदानों से इस देश को न सिर्फ गुलामी से आजाद कराया बल्कि उन्होंने ऐसी लोकतांत्रिक समाज की परिकल्पना किया जहां इंसान दूसरे इंसान का शोषण न करें किंतु दुर्भाग्य से आजादी के 10 वर्ष बाद भी ऐसा संभव नहीं हुआ इस शोषण का सबसे बड़ा शिकार लोकतंत्र के तीसरे स्तंभ न्यायपालिका का अभिन्न अंग अधिवक्ता वर्ग का हुआ। आज तमाम अधिवक्ताओं की हत्याएं हो रही हैं। उन पर कातिलाना हमले हो रहे हैं। एडवोकेट प्रोटेक्शन बिल लागू किए जाने की मांग अधिवक्ताओं द्वारा किया गया।

विधान परिषद में 60 वर्ष के बाद अधिवक्ताओं को 10000 महीना पेंशन देने व 10 लाख वेलफेयर फंड देने, युवा अधिवक्ता को 3000 रुपया महीना 3 वर्ष तक वकालत भत्ता देने का प्रस्ताव 2015 में पारित हो चुका है। लेकिन अभी लागू नहीं हुआ केंद्र सरकार द्वारा भी इसे लागू नहीं किया गया है ऐसी स्थिति में वकीलों का आंदोलन पिछले 13- 14 वर्षों से निरंतर उसे लागू करने के लिए चल रहा है। अतः मजबूर होकर प्रदेश भर से आए अधिवक्ताओं ने इस सम्मेलन में प्रदेश व्यापी सत्याग्रह करो और जेल भरो आंदोलन चलाने का निश्चय किया है। इस सभी का मांगों का समर्थन दी कानपुर इनकम टैक्स और जीएसटी बार एसोसिएशन के अध्यक्ष बसंत लाल गुप्ता, महामंत्री प्रदीप कुमार गुप्ता, फाइनेंस सेक्रेटरी त्र्यंबकांत मणि, वह वरिष्ठ सदस्य विजय प्रताप सिंह सोलंकी, श्रीकांत मणि और शैलेंद्र कुमार तिवारी अध्यक्ष जिला बार एसोसिएशन माती मुख्यालय कानपुर देहात, दिनेश चंद्र पांडे महामंत्री जिला बार एसोसिएशन इलाहाबाद, राकेश कुमार जायसवाल अध्यक्ष मॉडल जिला बार एसोसिएशन कौशांबी, सुनील कुमार दुबे अध्यक्ष जिला बार एसोसिएशन औरैया, अवधेश कुमार सिंह अध्यक्ष दी बनारस बार एसोसिएशन बनारस, चंद्रशेखर यादव महामंत्री कलेक्ट्रेट बार एसोसिएशन बलिया, सूर्य दत्त पांडे अध्यक्ष जिला बार एसोसिएशन भदोही, दयाशंकर दुबे महामंत्री जिला बार एसोसिएशन बस्ती, मोहम्मद सलीम कुरैशी महामंत्री जिला बार एसोसिएशन सोनभद्र, कैलाश यादव महामंत्री जिला बार एसोसिएशन मिर्जापुर, राजेश सिंह राज महामंत्री सिविल बार एसोसिएशन मऊ, जगन्नाथ प्रसाद शुक्ला महामंत्री जिला बार एसोसिएशन गोंडा, राजेश कुमार सिंह यादव महामंत्री जिला बार एसोसिएशन इटावा, एनुअल हक अध्यक्ष जिला बार एसोसिएशन हापुर, शाहीन अख्तर महामंत्री जिला बार एसोसिएशन बाराबंकी, गोपाल जी लाल श्रीवास्तव अध्यक्ष सिविल बार एसोसिएशन गाज़ीपुर, धर्मेंद्र यादव महासचिव जिला बार एसोसिएशन फिरोजाबाद, योगेंद्र पाल सिंह अध्यक्ष जिला बार एसोसिएशन बदायूं, राम प्रकाश शिवहरे राजा महासचिव जिला बार एसोसिएशन बांदा, राकेश रथ तिवारी अध्यक्ष सिविल बार एसोसिएशन चंदौली, आदि अधिवक्ता गणों का समर्थन प्राप्त हुआ। जिसमें के डी मिश्र बार एसोसिएशन अंबेडकर नगर, शैलेंद्र कुमार सचान महामंत्री जिला बार हमीरपुर, भगवानदास दीक्षित अध्यक्ष जिला बार हमीरपुर, कमलेश कुमार धुरियां वरिष्ठ उपाध्यक्ष जिला बार हमीरपुर, ओम कर नाथ सिंह पूर्व सचिव जिला बार मिर्जापुर, अशोक गौतम, ओम प्रकाश मिश्रा, श्वेता जायसवाल, के के पारस,हृदय नारायण तिवारी, अरुण पांडे, मन्नू पांडे, राजू उपाध्याय ,कुलदीप शर्मा, दिनेश कुमार यादव ,राजकुमार पांडे, अरविंद कुमार, नूर फातिमा, मनीष पाल, अखिलेश कुमार श्रीवास्तव, राजेंद्र कुमार ओझा, श्रीपत, अभिनव अवस्थी, शारदेन्दु कुमार शुक्ला, फैजान उल हक, फैजान अहमद, विनोद कुमार, रंजिलेश यादव, राहुल यादव, नीलम, अंजना ,कोमल शर्मा ,साक्षी गुप्ता, सुषमा द्विवेदी, पवन तिवारी, राजेंद्र बाजपेई, प्रेम प्रकाश त्रिपाठी, अनिल कुमार सचान ,दिलीप कुमार त्रिपाठी, सत्य प्रकाश पांडे, एवं संतोष कुमार श्रीवास्तव ,सुशील कुमार आदि अधिवक्ता उपस्थित थे।

## एडीजी जोन ने अभियुक्त को अर्थदंड से दण्डित कराने वाली टीम का किया उत्साहवर्धन

बीपीएस न्यूज

कानपुर। आलोक सिंह, अपर पुलिस महानिदेशक, कानपुर जोन द्वारा वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक कार्यालय जनपद झांसी में आये फरियादियों की समस्याओं को सुनकर उनकी समस्याओं को गुणवत्तापूर्ण व त्वरित निस्तारण हेतु सम्बन्धित को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये। तत्पश्चात् ऑपरेशन कन्विक्शन के तहत मु0अ0सं0 32/2017 वाद संख्या 70/2019 धारा 376/506 भादवि थाना प्रेमनगर जनपद झांसी में अभियुक्त शफीक पुत्र स्व0 खलीक को 10 वर्ष का कठोर कारावास व एक लाख पांच हजार के अर्थदण्ड से दण्डित कराने वाली टीम को प्रशस्ति-पत्र प्रदान कर उत्साहवर्धन किया गया तथा उज्जवल भविष्य की कामना की गयी। इसी तरह वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक कार्यालय में आये फरियादियों की समस्याओं को सुनकर उनकी समस्याओं को गुणवत्ता पूर्ण व त्वरित निस्तारण हेतु संबंधित को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये।

# संयुक्त शिक्षा निदेशक कार्यालय के बाहर धरना प्रदर्शन



कानपुर। उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षणेत्तर संघ के प्रान्तीय आवाहन पर शासन स्तर पर बनी मांगो का शासनादेश निर्गत नहीं करने के कारण को संयुक्त शिक्षा निदेशक कानपुर मण्डल, कानपुर के कार्यालय प्रांगण में धरना / प्रदर्शन कर मुख्यमंत्री उ0प्र0 सरकार लखनऊ को सम्बोधित शासन स्तरीय ज्ञापन एवं मण्डल स्तरीय शिक्षणेत्तर कर्मियों की समस्याओं का संकलित माँग पत्र संयुक्त शिक्षा निदेशक कानपुर मण्डल कानपुर को सौपा। उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षणेत्तर संघ के मण्डलीय मंत्री बाबू लाल कुशवाहा ने एक विज्ञप्ति में दी है। विज्ञप्ति में बताया गया कि शासन स्तर पर बनी मागो का शासनादेश निर्गत नहीं करने के कारण सरकारी की वादी खिलाफी के विरोध स्वरुप संयुक्त शिक्षा निदेशक कानपुर मण्डल, कानपुर के कार्यालय प्रांगण में धरना / प्रदर्शन कर मुख्यमंत्री, उ0प्र0 सरकार, लखनऊ को सम्बोधित शासन स्तर पर लम्बित एवं मण्डल के शिक्षणेत्तर कर्मी की समस्याओं का संकलित ज्ञापन संयुक्त शिक्षा निदेशक को ज्ञापन सौपा तथा मण्डल के शिक्षणेत्तर कर्मीयों के संकलित समस्याओं के ज्ञापन पर यथाशीघ्र निस्तारण कराने का आश्वासन संयुक्त शिक्षा निदेशक द्वारा दिया गया तथा शासन स्तर की मांगे मुख्यता निम्न है।

सेवानिवृत्ति पर राजकीय कर्मचारियों के समान अर्जित अवकाश का नकदीकरण किया जाये 2 दिनांक 09 फरवरी 2016 एवं 28-06-2018 को क्रमश प्रमुख सचिव माध्यमिक शिक्षा की अध्यक्षता में हुई बैठक में बनी सहमति एवं डॉ0 दिनेश शर्मा पूर्व शिक्षा मंत्री माध्यमिक शिक्षा की संगठन के साथ वार्ता में मंगाई गयी आख्या के आलोक में योग्यताधारी शिक्षणेत्तर कर्मचारियों को एल0टी0 ग्रेड0 में शिक्षक पदों पर पदोन्नति की जाये, पुरानी पेंशन योजना बहाल की जाये, ग्रेच्यूटी वर्ष 2003 से लागू की जाये इत्यादि समस्याओं का ज्ञापन सौपा। ज्ञापन देने वालों में मुख्यत: शिव बहादुर यादव, ओम नारायण तिवारी, बाबू लाल कुशवाहा, अभिषेक दीक्षित, मुरलीधर त्रिपाठी, रितेश सचान, पंकज कुमार वर्मा, उमेश चन्द्र, अशोक कुमार सविता, शिव बहादुर गौतम, मनीष सक्सेना, राहुल दीक्षित, नरसिंह यादव, जगदीश पाल, अनिल सिंह, अजय सिंह, अमित, मनोज, पवन त्रिपाठी, सुबोध कुमार शर्मा, सुनीत शर्मा, मंजीत चड्ढा, सुरेश कुमार यादव, रोहित अरोड़ा, सुरेन्द्र मौर्य, अखिलानन्द पाण्डेय इत्यादि लोग मौजूद रहे।

## पुलिस की घेरा बन्दी से बचने के लिए लखनऊ कूच कर गये दिव्यांग पार्टी के कार्यकर्ता

बीपीएस न्यूज

कानपुर। कानपुर। दिव्यांग महागठबन्धन के आवाहन पर राष्ट्रीय दिव्यांग पार्टी के कार्यकर्ता आज पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष वीरेन्द्र कुमार के नेत्रत्व में लखनऊ कुच कर गये। कल 30 सितम्बर को ईको गार्डेन से मुख्यमंत्री कार्यालय तक शान्ति मार्च निकालकर प्रदर्शन करेंगे। दिव्यांग महागठबन्धन के तत्वावधान दिव्यांग संगठनों का लेखपाल पद पर चयनित दिव्यांगजनों को नियुक्ति पत्र जारी कराने, दिव्यांगजन को नौकरी, रोजगार, स्वास्थ, शिक्षा सुरक्षा की सौ फीसदी गारन्टी दिलाने, दिव्यांगजन अधिनियम 2016 लागू करवाने, दिव्यांग पेंशन 5 हजार रूपया करने व दिव्यांग उत्पीड़न की रिपोर्ट दर्ज करने की

मांग को लेकर ईको गार्डेन से मुख्यमंत्री कार्यालय तक शान्ति मार्च किया जाना है।

पुलिस हर बार दिव्यांगजनो को झूठा आस्वाशन देकर लखनऊ जाने से रोक देती थी। लखनऊ जाने वालों में राष्ट्रीय अध्यक्ष वीरेन्द्र कुमार, अल्पना कुमारी, राहुल कुमार, आनन्द तिवारी, अरविन्द सिंह, वैभव दीक्षित, गौरव कुमार, गुड्डी दीक्षित, दिलीप कुमार, आशीष कुमार, सरला आदि शामिल थे।



## धूमधाम के साथ मनाया गया सुरेश साहू का जन्मदिन

कानपुर। न्यू साहू फैमिली रेस्टोरेंट व साहू ढाबा के प्रोपराइटर सुरेश साहू का जन्मदिन बड़े ही धूमधाम के साथ मनाया गया सभी मित्रों ने उन्हें ढेर सारी बधाई व शुभकामनाएं दी।

## लाचार बुजुर्ग पीड़िता ने लगाई मुख्यमंत्री से न्याय की गुहार

कानपुर देहात। धूल भूल गांव निवासिनी अरुणा देवी ने जिलाधिकारी कानपुर देहात से गुहार लगाते हुए बताया कि उनकी पैतृक जमीन का मुआवजा का मुकदमा न्यायालय में विचाराधीन है किंतु बहस के पहले ही विभाग के अधिकारी दबाव बनाकर उनके साथ अन्याय करना चाहते हैं। नम आंखों से बुजुर्ग पीड़िता ने बताया की उन्हें माननीय न्यायालय पर पूर्ण विश्वास है जो भी आदेश न्यायालय के द्वारा दिया जायेगा उसे वह स्वीकार करने को राजी है किंतु जब तक न्यायालय का फैसला नही आता है तब तक किसी पक्षकार को मुआवजा ना दिया जाए। अरुणा देवी ने बताया की आराजी संख्या 517 जमीन जो की हाईवे मे आयी तथा पीड़ित अरुणा देवी का स्वामित्व को लेकर कोर्ट मे मामला चल रहा हैं। आरोप लगाते हुए पीड़िता ने बताया कि एडीएम फाइनेंस केशव प्रसाद गुप्ता के द्वारा पीड़ित अरुणा को जबरन डीएम के नाम पर बुलवा कर दबाव बनाया जा रहा है जिसका आडियो भी पीड़िता के पास मौजूद है। पीड़िता ने कहा कि वह 75 वर्ष की है तथा शरीर से भी अस्वस्थ है और अधिकारी उन्हें अमानवीय तरीके से बार बार दबाव बनाकर कूटनीतिक तरीके से उन्हें परेशान कर रहे है। उन्होंने उत्तर प्रदेश सरकार के मुखिया मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से गुहार लगाते हुए कहा कि बुजुर्गो की सुरक्षा तथा संपति की ओर भी ध्यान दे ।

## पूरवामीर मे राष्ट्रीय पोषण माह आयोजित कर जन समुदाय को सुपोषण हेतु जागरूक किया गया

बीपीएस न्यूज

कानपुर। सरसौल(कानपुर)बाल विकास परियोजना सरसौल के अन्तर्गत सेक्टर पूर्वामीर में आंगनवाड़ी केंद्र में राष्ट्रीय पोषण माह सितंबर 2024के अंतर्गत मंजू रानी कुशवाहा सेक्टर सुपरवाइजर की अध्यक्षता में पोषण माह का आयोजन किया गया दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। पोषण माह आयोजन कर सामुदायिक गतिविधियों का रंगोली के माध्यम से आंगनवाड़ी कार्यकर्ता अनीता गुप्ता सुषमा देवी, सुमन देवी, उमाकांती द्वारा विभागीय गतिविधियों प्रचार प्रसार किया गया। मंजू रानीकुशवाहा बताया गया की 1 सितंबर 2024 से 30 सितंबर 2024 तक पूरे देश में राष्ट्रीय पोषण माह के रूप में मनाया जा रहा है। 31 अक्टूबर 2024 को मां एक पेड़ मां के नाम वृक्षारोपण करते हुए राष्ट्रीय पोषण माह 2024का शुभारंभ किया गया। जिसमें विभागीय अधिकारियों एवंआंगनबाड़ी कार्यकत्रियों पौधारोपण किया गया है प्रतिदिन आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं के माध्यम से राष्ट्रीय पोषण माह की मुख्य थीम -वृद्धि निगरानी, पोषण भी पढ़ाई भी एनीमिया ऊपरी आहार पोषण को प्रभावित करने वाले क्षेत्र जनसंवेदीकरण गतिविधियां आयोजित कर समुदाय को स्वास्थ्य के प्रति स्वस्थ रहने हेतु जागरूक किया जा रहा है। कुशवाहा द्वारा सभी विषयों पर विस्तृत एवं प्रभावी संदेश समुदाय को दिए गए एवं स्थानीय एवं पारंपरिक भोजन के प्रति प्रेरित किया गया अधिक से अधिक जन समुदाय के बीच जनसंवेदीकरण करते हुए स्वस्थ रहने हेतु जागरूक करने का कार्य किया जा रहा है।

कार्यक्रम में मुख्य रूप से धीरेश कुशवाहा, उर्मिला उत्तम, नीलम देवी, शशि लता सिंह ,शिव कांति, विमला देवी ,रेखा देवी ,शिव देवी, तारा देवी, सुदामा देवी ,सरला देवी, सुमन लताबाजपेई,रामवती भागवती ,चमेली, गीता देवी, प्रमिला मिश्रा इत्यादि उपस्थित रही। मंजू रानी कुशवाहा द्वारा सबको धन्यवाद देते हुए कार्यक्रम का समापन किया गया।

## स्वाट टीम पुलिस ने 50,000 के इनामियों को धर दबोचा

कानपुर। पुलिस कमिश्नरेट की स्वाट टीम पुलिस ने 50,000 के इनामी को किया गिरफ्तार किया गया । सीपी अखिल कुमार के दिशा निर्देशन में कानपुर कोतवाली एवं क्राइम ब्रांच की टीम को मिली बड़ी सफलता। गिरफ्तार वांछित युवक जीतेश झा और अली अब्बास जिसके ऊपर 50 हजार का था ईनाम सीपी अखिल कुमार के दिशा निर्देशन में स्वाट टीम पुलिस के कड़ी मशक्कत के बाद मिली बड़ी सफलता नजूल की जमीन पर कब्जा करने के प्रकरण में हुई धर पकड़ गिरफ्तार करने वाली टीम में मुख्य रूप से स्वाट टीम प्रभारीजनार्दन सिंह यादव ,उप निरीक्षक मनीष कुमार ,उप निरीक्षक मंजीत कुमार,हेड कांस्टेबल प्रदीप सिंह राहुल अग्रहरी की रही अहम भूमिका रही।

## गड्ढे, गंदगी और खराब ट्रैफिक व्यवस्था के कारण विरोध प्रदर्शन

कानपुर। विधिक प्रकोष्ठ आम आदमी पार्टी कानपुर नगर के तत्वाधान में समस्याआम आदमी की समस्या के संदर्भ में स्थान गुटइया क्रॉसिंग के सामने कार्डियोलॉजी रोड पर सड़क पर अत्यधिक गड्ढे,गंदगी और खराब ट्रैफिक व्यवस्था के कारण आम आदमी को हो रही समस्या के खिलाफ शांतिपूर्ण विरोध प्रदर्शन और सांकेतिक धरना देकर शासन व प्रशासन के अधिकारियों तक उक्त आम आदमी की समस्या को अवगत कराने का कार्य किया गया उक्त सांकेतिक विरोध प्रदर्शन को सफल बनाने बनाने में आम आदमी पार्टी के नगर प्रभारी आशुतोष सेंगर नगर अध्यक्ष अनूज शुक्ला नगर महासचिव मुशीर सिद्दीकी के मार्गदर्शन में विधिक प्रकोष्ठ के अध्यक्ष एडवोकेट सुधीर कुमार शर्मा, आशीष कुमार जैन,अबू तालिब, अश्वनी कुमार, चकित, देवेश शुक्ला,सुनील कठारिया,फहीम मलिक आदि मौजूद रहे।

## सपा के नेता सदन विरोधी दल माता प्रसाद पांडे का भव्य स्वागत

बीपीएस न्यूज

कानपुर। समाजवादी पार्टी के नेता सदन विरोधी दल माता प्रसाद पांडे आज कानपुर नगर पहुंचे जाजमऊ पुल पर विधायक अमिताभ बाजपेई विधायक मोहम्मद हसन रूमी एवं साथियों द्वारा भव्य स्वागत किया गया सबसे फिर जाजमऊ स्थित इरफान सोलंकी के घर पहुंचे वहां पर परिवार से करीब 20 मिनट तक मुलाकात करके के ए दुबे पदमेश के निवास के लिए निकले।

एके दुबे पदमेश पश्चात नेता प्रतिपक्ष विधायक अमिताभ बाजपेई के घर पहुंचे वहां पर समर्थकों का बड़ा हुजूम था वहां पर माता प्रसाद पांडे व अमिताभ बाजपेई के नाम के नारे लगे एवं सभी समर्थों में नेता प्रतिपक्ष के साथ फोटो खिंचवाने की एवं मुलाकात करने की ललक दिखी।

नेता प्रतिपक्ष के साथ में विधायक अमिताभ बाजपेई की निवास पर विधायक मोहम्मद हसन रूमी इरफान सोलंकी की माँ एवं धर्मपत्नी नसीम सोलंकी, मुनीन्द्र शुक्ला मोइन खान , सरताज अनवर भी थे नेता प्रतिपक्ष ने परिवार के साथ मुलाकात की जिसमे विधायक की पत्नी पूर्व मेयर प्रत्याशो वन्दना बाजपेई पिता के सी बाजपेई , माँ डॉ उषा बाजपेई एवं पुत्र शिखर बाजपाई थे।परिवार एवं साथियों के साथ भोजन करने के पश्चात मीडिया से मुखातिब होने हुए कहा कि इरफान सोलंकी के ऊपर जेल के बाहर जेल के भीतर बहुत ज्यादती हो रही है आने वाले चुनाव में प्रत्याशी पहले तय हो चुका है एवं पार्टी पूरे जोश के साथ से प्रत्याशी को लड़ाने का कार्य करेगी पार्टी में कहीं भी प्रत्याशी के नाम पर मतभेद नहीं है एवं यह कार्य पूरे मनोयोग से किय जाएगा।इसके आगे नेता प्रतिपक्ष ने कहा कि पुलिस की एनकाउंटर की शिकार मुख्य रूप से ब्राह्मण , मुस्लिम और यादव हैं पूरी एनकाउंटर की नीति ही गलत है ऐसा कैसे हो सकता है कि किसी भी एनकाउंटर ने पुलिस वाले को कोई गोली न लगती हो और सिर्फ सामने वाले को ही गोली लगती हो इन सारे एनकाउंटर की कल को सरकार आएगी तो जांच कराई जाएगी इन दोषियों को सजा भी मिलेगी सरकार के अनुमान दे आज सिर्फ धर्म के नाम पर अत्याचार को बढ़ावा दे रहे हैं जो कि प्रजातंत्र के बिलकुल खिलाफ है एवं एक सशक्त प्रजातंत्र के विपरीत है।आज प्रदेश में एक ताकतवर विपक्ष मौजूद है और विपक्ष अपनी जिम्मेदारी को बखूबी समझता है हम नेता प्रतिपक्ष के तौर पर हर हाल में सरकार को समय-समय पर उसके कुकृर्यों के लिए आगाह करते रहेंगे और समय पड़ने पर आंदोलन भी किया जाएगा !विधायक अमिताभ बाजपेई के निवास पर स्वागत करने वालों में प्रमुख रूप से नीरज सिंह सर्वेश यादव वरुण यादव एडवोकेट सुभाष द्विवेदी वरुण जायसवाल वरुण मिश्रा वीरेंद्र त्रिपाठी दीपा यादव आशीष पांडे उदय द्विवेदी राजू खान अभय दुबे कृष्ण शर्मा सौरभ शुक्ला धर्मेंद्र सिंह बाली,जयप्रकाश,विकास कनौजिया, अनुराग मिश्रा अफताब खान भोलू,दानिश खान,ईशु यादव,प्रभाकर तिवारी निशू यादव नसीम खान दुर्गेश चक असलम खान कुतुबुद्दीन मंसूरी रवि मिश्रा सौरभ मिश्रा बबलू शिवम शुक्ला हरिओम पांडे राजेश यादव संजय यादव आदि थे।

## रक्षा मंत्री भारत सरकार और रक्षा मंत्रालय के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ महत्वपूर्ण बैठक

बीपीएस न्यूज

कानपुर। भारतीय प्रतिरक्षा मजदूर संघ (बीपीएमएस) के एक प्रतिनिधिमंडल ने साधू सिंह महासचिव / सरकारी कर्मचारी राष्ट्रीय परिसंघ और मुकेश सिंह महामंत्री / भारतीय प्रतिरक्षा मजदूर संघ के नेतृत्व में 27 सितंबर 2024 को रक्षा मंत्री भारत सरकार और रक्षा मंत्रालय के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ महत्वपूर्ण बैठकें की एवं उनका ध्यान रक्षा असैन्य कर्मचारियों के ज्वलंतशील मुद्दों पर आकर्षित किया।

महासंघ के प्रतिनिधिमंडल ने माननीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह के साथ अपनी मुलाकात में मुख्य रूप से हाल में घोषित एकीकृत पेंशन योजना (यूपीएस) पर चर्चा की।बैठक के दौरान महासंघ द्वारा यूपीएस की कई विसंगतियों माननीय रक्षा मंत्री जी के संज्ञान लायी गयी। महासंघ 1 द्वारा यूपीएस के अन्तर्गत पेंशन पाने हेतु पात्रता सेवा में की गयी अभूतपूर्व बढ़ोत्तरी पर अपनी आपत्ति प्रस्तुत की गयी। पुरानी पेंशन के तहत, कर्मचारी 10 साल की सेवा पूरी करने के बाद अपने मूल वेतन के 50 प्रतिशत के बराबर पेंशन के साथ सेवानिवृत्त हो सकते हैं।

इसके अलावा, महासंघ प्रतिनिधियो ने रक्षा मंत्रालय में विशेष कार्य अधिकारी (ओएसडी) और भारत सरकार द्वारा नामित रक्षा सचिव आर के सिंह आई0ए0एस0 से मुलाकात की। यह बैठक महासंघ द्वारा शीर्ष अधिकारियों के साथ संवाद बनाए रखने और रक्षा असैन्य कर्मचारियों से संबंधित कई अनसुलझे मुद्दों को हल करवाने हेतु महासंघ के प्रयासों की निरंतरता के क्रम में थी।

## लेखपाल पद पर चयनित दिव्यांग अभिषेक की हत्यारी है सरकार :वीरेन्द्र कुमार

कानपुर। दिव्यांग महागठबन्धन के पदाधिकारी आज ईको गार्डेन पहुँच कर लेखपाल पद पर चयनित दिव्यांगजनो के आन्दोलन के समर्थन में 30 सितम्बर को होने वाले प्रदर्शन के लिये रणनीति तैयार की। महागठबन्धन के महासचिव वीरेन्द्र कुमार ने कहा कि सरकार लेखपाल पद पर चयनित दिव्यांग अभिषेक की हत्यारी है। अभिषेक का बलिदान व दिव्यांगजनो का संघर्ष व्यर्थ नहीं जायेगा। 30 सितम्बर का आन्दोलन दिव्यांगजनो के नौकरी, रोजगार, स्वास्थ, शिक्षा व सुरक्षा की सौ फीसदी गारन्टी की मांग के लिये मिल का पत्थर साबित होगा7वीरेन्द्र कुमार ने कहा कि सरकार प्रदेश के 54 लाख दिव्यांगजनो की उपेक्षा कर रही है। शिक्षित बेरोजगार दिव्यांगजन भूखमरी के शिकार है। दिव्यांगजन आगामी विधानसभा चुनाव में अपनी ताकत का अहसास सत्ता पक्ष को करायेगे।

महागठबन्धन के अध्यक्ष मनीष प्रसाद ने कहा कि महागठबन्धन को सरकार कमजोर आंकने की भूल न करे वरना परिणाम गम्भीर होंगे। दिव्यांगजनो की मांगों को पुरा करवाने के लिये महागठबन्धन अब सड़क पर उतरने के लिये तैयार है। 30 सितम्बर को सरकार की चुले हिलाने का काम महागठबन्धन करेगा। आज ईको गार्डेन में महागठबन्धन के अध्यक्ष मनीष प्रसाद के साथ महासचिव वीरेन्द्र कुमार, विकास कुमार सहारनपुर, सतीश कुमार शामली, दिलवाग सिंह कानपुर देहात, हेमन्त सिंह गाजियाबाद, सुधीर कुमार वर्मा सीतापुर, ज्ञानेन्द पाठक लखनऊ आदि उपस्थित थे।

## दलित पिछड़े शिक्षकों की समस्याओं का निस्तारण न किए जाने पर सामूहिक भूख हड़ताल

कानपुर। दलित पिछड़े शिक्षकों की समस्याओं का निस्तारण न किए जाने पर सामूहिक भूख हड़ताल प्रादेशिक अध्यक्ष राजेश गौतम के नेतृत्व जिला विद्यालय निरीक्षक कार्यालय पर किया गया! कार्यक्रम का संचालन डॉक्टर महादेव प्रादेशिक उपाध्यक्ष ने किया कानपुर नगर के विभिन्न विद्यालयों की अनेकों समस्याओं से सम्बन्धित संयुक्त शिक्षा निदेशक व जिला विद्यालय निरीक्षक कानपुर नगर को दिया था। उक्त पत्र में उल्लिखित समस्याओं पर निराकरण न किए जाने पर होने वाले भूख हडताल को टालते हुए विभाग को अतिरिक्त समय संगठन द्वारा दिया गया परन्तु कार्यालय स्तर की समस्याओं का भी निस्तारण न किए जाने के कारण आज हमारे संगठन के शिक्षक जिला विद्यालय निरीक्षक कार्यालय कानपुर नगर में सामूहिकभूख-हडताल पर बैठने को बाध्य हैं। शिक्षक समस्याओं से सम्बन्धित बिन्दु निम्नवत् है- 1981 से 2020 तक नियुक्त माध्यमिक विद्यालयों में शिक्षकों एवं शिक्षणेत्तर कर्मचारियों से 19 प्रकार के प्रपत्र जाँथ के नाम पर मोंगे जा रहे हैं जिनमें से कुछ प्रपत्र लम्बी अवधि व्यतीत होने के कारण शिक्षकों द्वारा उपलब्ध करा पाना सम्भव नहीं है ऐसी स्थिति में उन शिक्षक कर्मचारियों का विभागीय शोषण शुरू हो जायेगा ऐसी स्थिति से बचने के लिए इस जाँच प्रक्रिया को रोके जाना अतिआवश्यक है। अतएव संगठन मॉग करता है कि जिनकी शिकायत हो उनकी जाँच करायी जाये अन्य को अनावश्यक परेशान न किया जाए। कानपुर नगर स्थित जे0पी0आर0एन0 अमर इ0कालेज, जाजमऊ में कार्यरत प्रवक्ता रामचन्द्र जी का आकस्मिक निधन दिनांक 18 जनवरी 2024 को हो गया था उन्हें संशोधित कर पेंशन, ग्रेच्युटी दिए जाने जी0पी0एफ0 तथा सामूहिक बीमा का भुगतान किए जाने हेतु प्रार्थना पत्र दिया गया था। किन्तु इतना लम्बा समय व्यतीत होने के बाबजूद उनके लगभग रू 30 लाख जी0पी0एफ0, लगभग रू20 लाख ग्रेच्युटी व सामूहिक बीमा का भुगतान अभी तक नहीं किया गया और न ही पेंशन जारी की गयी जिस कारण मृतक के आश्रित आर्थिक समस्याओं का सामना कर रहे हैं। अतएव उनके वेतन विसंगति को दूर कर अविलम्ब समस्त देयक उनके परिवार को दिए जाएँ। कानपुर नगर स्थित नागर विद्यालय इ0का0, कृष्णानगर के सहायक अध्यापक दूधनाथ जी की नियुक्ति तिथि 19 फरवरी 1998 है ! राजेश गौतम मोइनुल इस्लाम भुवनेश भूषण डा.महादेव दूध नाथ शाफिक रहमान राज्य संखवार कमला गौतम उत्तम कुमार कुमार दादा राम जयप्रकाश प्रेम शंकर सुरेश कुमार अश्वनी शैलेंद्र तारा कमल गौतम अंजलि सागर, इत्यादि लोग रहे।

## पुलिस विभाग के साथ औषधि विभाग की संयुक्त टीम ने मारा छापा, नारकोटिक्स दवाइयां भारी मात्रा में हुई बरामद

लखनऊ। थाना-मदेयगंज, लखनऊ पुलिस बल के साथ औषधि विभाग की संयुक्त टीम में सम्मिलित सन्देश मौर्य, औषधि निरीक्षक, लखनऊ, नीलेश कुमार शर्मा, औषधि निरीक्षक, लखनऊ द्वारा थाना-मदेयगंज, लखनऊ अन्तर्गत पक्के पुल के पास संयुक्त रूप से की गयी कार्यवाही में नारकोटिक औषधि 1-Clampik ®.zmg Tablets, 2-Phensycor Cough Syrup v®®ml भारी मात्रा में बरामद किया गया।

मौके पर पकड़े गये दोनों अभियुक्तों के द्वारा उक्त औषधियों से सम्बन्धित कोई भी क्रय-विक्रय अभिलेख प्रस्तत नहीं किया। मौके से नियमानुसार फार्म-17 पर तीन औषधियों का नमूना जांच/परीक्षण हेतु संग्रहीत किया गया। बरामद औषधियों का मूल्य लगभग 02 लाख रूपये है। छापे के दौरान मौके पर 02 व्यक्ति, 01- पियूष तिवारी, 02- मो0 सलमान को गिरफ्तार कर उनके विरूद्ध थाना-मदेयगंज, लखनऊ में एन0डी0पी0एस0एक्ट की धाराओं के अन्तर्गत एफ0आई0आर0 संख्या-0145/2024, दिनांक-25.09.2024 पंजीकृत कराया गया।

गिरफ्तार व्यक्ति/अभियुक्त पियूष तिवारी की मेसर्स ऋषि फार्मा के नाम से अमीनाबाद, लखनऊ में फर्म संचालित है, जिसकी जांच की जा रही है। जांच/परीक्षण हेतु संग्रीत तीनों नमूनों को परीक्षण हेतु प्रयोगशाला भेजा जा रहा है।

## भाजपा एक से 15 अक्तूबर तक सदस्यता अभियान का दूसरा चरण शुरू करेगी

कानपुर। केशव नगर स्थित भाजपा दक्षिण पार्टी कार्यालय में दक्षिण जिलाध्यक्ष शिवराम सिंह की अध्यक्षता में सदस्यता अभियान की समीक्षा बैठक सम्पन्न हुई। भाजपा कानपुर बुंदेलखंड क्षेत्र के क्षेत्रीय अध्यक्ष प्रकाश पाल ने जिला पदाधिकारी, मोर्चा अध्यक्षों, मंडल अध्यक्षों के साथ बैठक कर दक्षिण जिले की सदस्यता अभियान की समीक्षा की। क्षेत्रीय अध्यक्ष प्रकाश पाल ने कहा कि जिन बूथों पर लक्ष्य से कम सदस्यता हुई है वहां पर रविवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात सुनने के बाद कार्यकर्ता घर-घर जाकर कम से कम 100 सदस्य बनाएंगे। कम सदस्यता वाले चिन्हित बूथों पर सदस्यता बढ़ाने के लिए प्रदेश , क्षेत्रीय, जिला पदाधिकारी एवं वरिष्ठ कार्यकर्ताओं को विशेष रूप से लगाया गया है।

# जवाब दे आज की भ्रष्ट भाजपा सरकार: अखिलेश

## पैरासिटामॉल समेत 50 दवाइयों के गुणवज़ा परीक्षण में फेल होने पर अखिलेश का तंज



लखनऊ। समाजवादी पार्टी (सपा) के अध्यक्ष अखिलेश यादव ने देश की शीर्ष औषधि विनियामक संस्था द्वारा गुणवत्ता जांच में पैरासिटामोल समेत 50 दवाओं के नमूने नाकाम होने को लेकर बृहस्पतिवार को केन्द्र की भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) सरकार पर तंज करते हुए पूछा कि इस जांच रिपोर्ट पर सरकार आखिर क्या कार्रवाई करेगी। अखिलेश यादव ने अपने आधिकारिक एक्स हैंडल पर कहा, जवाब दे आज की भ्रष्ट भाजपा सरकार, ऐसी दवा खाकर होगा इलाज या बीमार। जब तक भाजपा कंपनियों से बटोरती रहेगी चंदा, तब तक जारी रहेगा कम गुणवत्तावाली दवाइयों का धंधा।

उन्होंने नहीं चाहिए भाजपा हैशटैग से किए गए इस पोस्ट में आगे कहा, इस रिपोर्ट के बाद भी कोई कार्रवाई होगी या चंदे का रेट बढ़ा कर मामला रफ़ा-दफ़ा कर दिया जाएगा? जनता की जान से खिलवाड़ करने का ये भाजपाई खेल अच्छा नहीं। निंदनीय!भारत की एक शीर्ष औषधि विनियामक संस्था ने पैरासिटामोल समेत करीब 50 दवाओं के नमूनों को मानक गुणवत्ता के अनुकूल नहीं पाया है।

## प्रश्नपत्र लीक कराने में शामिल पूर्व प्रधानाचार्य गिरफ्तार

लखनऊ। वर्ष 2023 में हुई आरओ-एआरओ परीक्षा का प्रश्नपत्र लीक कराने के आरोप में पुलिस ने प्रयागराज के विशप जानसन गर्ल्स स्कूल एंड कॉलेज की पूर्व प्रधानाचार्य को गिरफ्तार किया है। एसटीएफ ने यह गिरफ्तारी इसी कॉलेज से 04 अप्रैल को गिरफ्तार एक आरोपी की शिनाख्त के बाद की है। एसटीएफ ने पूर्व प्रधानाचार्य से पूछताछ शुरू कर दी है।

विशप जानसन गर्ल्स स्कूल एंड कॉलेज की पूर्व प्रधानाचार्य पारुल सोलोमन को एसटीएफ ने गुरुवार को गिरफ्तार किया है। एसटीएफ अधिकारियों ने बताया कि अर्पित विनीत यशवंत नामक व्यक्ति इसी कॉलेज में कार्मिक था, जिसको प्रश्नपत्र लीक कराने के आरोप में 04 अप्रैल को गिरफ्तार किया गया था। इस दौरान जब उससे पूछताछ शुरू की गई तब पता चला कि उसकी नियोक्ता एवं तत्कालीन प्रधानाचार्य पारुल सोलोमन के इशारे पर वह प्रश्नपत्र लीक कराने में मदद कर रहा था। बतादें कि एसटीएफ ने पारुल सोलोमन की गिरफ्तारी एसटीएफ कार्यालय में ही पूछताछ के दौरान की है।पारुल सोलोमन डॉयोसिस ऑफ लखनऊ के पूर्व बिशप पीटर बलदेव की बेटी हैं। पारुल सोलोमन कुछ दिनों पहले विवादों में आईं थी। यह मामला उस वक्त का है, जब डॉयोसिस ऑफ लखनऊ के बिशप मॉरिस एडगर दान और उसके साथ के लोगों ने ताला तोड़कर कॉलेज पर कब्जा किया था। जिसका वीडियो वायरल होने के बाद बिशप समेत अन्य पर केस दर्ज किया गया था। यहां मामला बीते 2 जुलाई का है।

## कंबाइन चालक की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत, हाथ में कटे का निशान

बीपीएस न्यूज

खटीमा। मोहम्मदपुर भुडिया के कंबाइन चालक की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई है। उसका शव गांव के पास आम के बाग से बरामद हुआ है। इधर परिजनों ने हत्या की आशंका जताई है। पुलिस को बुधवार को घटना की सूचना ग्रामीणों ने 112 टोल फ्री नम्बर पर दी। सूचना मिलते ही कोतवाल प्रकाश सिंह दानू भारी दलबल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे और शव कब्जे में ले लिया। मृतक की शिनाख्त मोहम्मदपुर भुडिया निवासी अनिल कुमार के रूप में हुई मृतक कंबाइन चालक था। दोपहर के समय निजी फॉर्म से कंबाइन चलाकर घर लौटा था। पत्नी अनिता से आवश्यक कार्य बता कर घर से चला गया था और दोपहर के समय दो दोस्तों के साथ गांव में देखा गया था। इधर देर शाम उसका शव गांव से दूर आम के बाग में पड़ा मिला। मृतक के एक हाथ में कटे का निशान तथा ब्लड लगा है। मृतक के पांच भाई है तीन भाइयों से छोटा एक से बड़ा था और ड्राइवरी करके गुजर बसर करता था। परिवार की माली हालत बेहद खराब है। मृतक का परिवार आज भी घास फूंस से बनी झोप ?ी में गुजारा करता है। मृतक अपने पीछे पुत्र हर्ष (5 वर्ष), पुत्री दृष्टि (9 वर्ष), शिवन्या (7 वर्ष) और पत्नी अनीता को रोता बिलखता छो ? गया है। मौके पर कोतवाल प्रकाश सिंह दानू एसएसआई विनोद जोशी चौकी प्रभारी ललित सिंह बिष्ट आदि थे।

## ईख के खेत में मिले गोवंश के अवशेष, माहौल बिगाड़ने की साजिश

बीपीएस न्यूज



मुरादाबाद। भोजपुर थाना क्षेत्र में अराजक तत्वों ने माहौल बिगाड़ने की साजिश की है। पुलिस ने ईख के खेत से गोवंश के अवशेष बरामद किए है। मौके पर पहुंची पशु चिकित्सा विभाग की टीम ने अवशेषों के नमूने लेकर जांच के लिए भेजे हैं। फिलहाल पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।थाना क्षेत्र के गांव बाकरपुर अटायन और वाजिदपुर में अराजक तत्वों ने माहौल बिगाड़ने की साजिश की है। किसी ने गोंवशीय पशुओं की हत्या कर उनके अवशेषों को ईख के खेत में फेंक दिया। इस्लामनगर निवासी पिंकू किसी काम से खेत पर गए थे। इसी दौरान अचानक से उन्होंने अटायन और वाजिदपुर गांव के बीच में ईख के खेत में कुछ गोवंशीय अवशेष पड़े देखे। आनन-फानन में उन्होंने गांव वालों को मौके पर बुला लिया। देखते ही देखते माहौल गरमा हो गया। इसके बाद पिंकू ने पुलिस को सूचना दी। उपनिरीक्षक हरि सिंह यादव पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे।पुलिस ने पशुचिकित्सा अधिकारी नरेश कुमार को मौके पर बुलाकर अवशेषों की जांच कराई। टीम ने अवशेषों के नमूने लेकर जांच के लिए लैब भेज हैं।

## बरेली : रोजगार मेले में उमड़ी बेरोजगारों की भीड़, 40 कंपनियों में हुई चयन प्रक्रिया



बरेली। बरेली कॉलेज की प्लेसमेंट सेल और सेवायोजन कार्यालय की ओर से रोजगार मेले का आयोजन किया गया। मेले में हजारों की संख्या में बेरोजगार युवा फॉर्म भरने के लिए पहुंचे।अभ्यर्थी की ओर से एचआर, सेल ऑफिसर, पीआरओ, टेली-ऑफिसर, तकनीक पदों के लिए बीएससी, बीए, मास्टर्स के अभ्यर्थियों की भीड़ पहुंची। मेले की शुरुआत डीएम रविंद्र कुमार ने औपचारिक शुरुआत की।मेले में आए अभ्यर्थियों को रोजगार के जरिए स्वयं को सशक्त करने को लेकर प्रोत्साहित किया। मेले में सेवायोजन विभाग के एडी त्रिभुवन सिंह, प्राचार्य प्रो ओपी राय, प्लेसमेंट सेल के प्रभारी डॉ राजीव यादव समेत अन्य लोग मौजूद रहे।

## चंदौसी में ईओ के आवास पर पकड़ी गई बिजली चोरी: 6 माह पहले काटी गई थी लाइन

### ईओ आवास पर 2.72 लाख रुपये का है बकाया

बीपीएस न्यूज

चन्दौसी। विद्युत विभाग की टीम चेकिंग करते हुए कागजी मोहल्ला स्थित नगर पालिका के ईओ आवास व कैंप कार्यालय पर पहुंची तो वहां मीटर बंद था और पोल से सीधा केबिल आवास में लगा था। मामला विद्युत चोरी का होने पर पोल से केबिल उतार जब्त कर लिया। चेकिंग के समय आवास पर ईओ मौजूद नहीं थे। विद्युत विभाग ने आवास के कनेक्शन पर 2.72 लाख रुपये बकाया बताया है।गुरुवार की दोपहर एक बजे विद्युत विभाग के एसडीओ प्रथम अजय कुमार शुक्ला टीम के साथ शहर में चेकिंग कर रहे थे। चेकिंग के दौरान टीम कागजी मोहल्ला स्थित नगर पालिका के ईओ कृष्ण कुमार के सरकारी आवास व कैंप कार्यालय पर पहुंची। जहां आवास के बाहर लगे मीटर के तार कटे थे। पास ही पोल से एक केबिल लगा था जो सीधे आवास के अंदर जा रहा था। जिससे सीधे तौर पर विद्युत चोरी का मामला सामने आया। ईओ पर विद्युत चोरी का मामला सामने पर अन्य लोग भी पहुंच गए। चेकिंग के समय ईओ अपने आवास में मौजूद नहीं थे। बिजली विभाग ने ईओ आवास के कनेक्शन पर 2.72 लाख रुपये बकाया बताया है। विद्युत चोरी के मामले में पेनाल्टी लगाई जाती है। जो दो दिन बाद एक्सईएन कार्यालय से जारी की जाएगी। इसके साथ ही विभागीय कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।गौरतलब है कि लगभग 7 माह पूर्व विद्युत विभाग द्वारा नगर पालिका के कार्यालयों की बकाया के चलते लाइन काट दी गई थी। जिसके बाद मामला काफी बढ़ गया था। पालिका ने भी विद्युत विभाग पर लाखों रुपये का बकाया निकाला था। जिसके बाद पालिका कार्यालयों की विद्युत लाइन जोड़ दी गई थी। एसडीओ ने बताया कि 6 से 7 माह पहले भी विद्युत बिल जमा न करने पर ईओ आवास की बिजली काट दी गई थी। इसके अलावा विभाग ने मोहल्ला कुरेशियान, पंजाबियान, सीकरी गेट पर चेकिंग अभियान चलाया। जहां पर 7 स्थानों पर बिजली चोरी पकड़ी है। इन पर विभागीय कार्रवाई की जा रही है। टीम में एसडीओ अजय कुमार शुक्ला, जेई अभिषेक सिंह आदि रहे। नगर पालिका परिषद ईओ कृष्ण कुमार ने बताया कि मुझे ईओ के पद ग्रहण किए हुए कुछ दिन ही हुए हैं। विद्युत चोरी के विषय में जानकारी कराई जा रही है। विद्युत विभाग से जानकारी कर विद्युत बिल जमा कराया जाएगा।

## 50 से अधिक दवाएं पाई गई स्टैंडर्ड क्वालिटी में फेल

### पैरासीटामाल समेत ये दवाएं हुई लिस्ट से बाहर



लखनऊ। केंद्रीय औषधि मानक नियंत्रण संगठन ने 53 दवाओं को क्वालिटी टेस्ट में फेल कर दिया है। इन दवाइयों की लिस्ट में पारासिटामोल सहित कई टैबलेट शामिल हैं। डायबटीज, बीपी, विटामिन, कैल्शियम डी-3 सप्लीमेंट, जीवाणु संक्रमण और एसिड रिफ्लक्स से जुड़ी ये दवाइयां तय मानकों के मुताबिक नहीं हैं। आपको बता दें कि केंद्रीय औषधि मानक नियंत्रण संगठन (सीडीएससीओ) ने अगस्त के लिए' मानक गुणवत्ता के अनुरूप अलर्ट जारी किया था, जिसमें बताया गया कि कुछ सबसे ज्यादा बिकने वाली दवाएं एल्केम लैबोरेटरीज, हेटेरो ड्रग्स, हिंदुस्तान एंटीबायोटिक्स लिमिटेड और कर्नाटक एंटीबायोटिक्स एंड फार्मास्युटिकल्स लिमिटेड जैसी प्रसिद्ध दवा कंपनियों द्वारा बनाई गई हैं।

### कंपनियों की दवाइयां भी बेकार

कोलकाता की एक सरकारी लैब ने पाया कि अलग-अलग कंपनियों द्वारा बनाई गई कुछ दवाइयाँ अच्छी नहीं हैं। लैब ने एल्केम हेल्थ साइंस की एंटीबायोटिज़्स, ज़्लैवम 625 और पैन डी को गुणवज़ा के अनुरूप घटिया पाया। साथ ही लैब में टेस्ट के दौरान पाया गया कि हैदराबाद स्थित हेटेरो का सेपोडेम एज़्सपी-50 ड्राई सस्पेंशन, जिसे बच्चों में गंभीर जीवाणु संक्रमण के लिए निर्धारित किया जाता है, गुणवज़ा मानकों के आधार पर अच्छी दवा नहीं है। इसके अलावा कर्नाटक एंटीबायोटिज़्स एंड फार्मास्युटिकल्स लिमिटेड द्वारा बनाई जाने वाली पैरासिटामोल गोलियों पर भी चिंता जताई गई। सन फार्मा लैबोरेटरीज लिमिटेड की उर्सोकोल 300, जिसे कुछ पिज पथरी को घोलने के लिए डिजाइन किया गया था, उसे नकली के रूप में चिह्नित किया गया। हरिद्वार में लाइफ मैज़्स कैंसर लैब द्वारा बनाई जाने वाली टेल्मिसर्टन के कई बैच भी क्वालिटी टेस्ट में विफल रहे।

### क्या कहती है कंपनियां

दवा बनाने वाली कंपनियों की प्रतिक्रिया काफी आश्चर्यजनक रही। वास्तविक निर्माताओं (लेबल दावे के अनुसार) के अनुसार चिह्नित बैचों का उत्पादन उन्होंने किया ही नहीं। जिससे पता चलता है कि ये नकली दवाएं हो सकती हैं। हालांकि, आखिरी निर्धारण चल रही जांच के अधीन है। सन फार्मा और ग्लेनमार्क जैसी कंपनियों की तरफ से ही कुछ ऐसा ही जवाब दिया गया, जिसमें दावा किया गया कि उन्होंने ऐसी कोई भी दवाएं नहीं बनाई हैं। सन फार्मा की तीन दवाएं- एसिड रिज़्लज़्स के लिए पैंटोसिड, इरेज़्टाइल डिसफंज़्शन के लिए पल्मोसिल और उर्सोकोल 300- उन दवाओं में से थीं, जो परीक्षण में फेल हो गई। ग्लेनमार्क की हाई बीपी की दवा टेल्मा एच (टेल्मिसर्टन) और गठिया के इलाज के लिए, मैकलियोड्स फार्मा की डेफकोर्ट-6 भी गुणवज़ा मानकों पर खरी नहीं उतर पाई। तीनों कंपनियों का कहना है कि उन्होंने ये दवाएँ नहीं बनाई हैं।

## फफक कर रो पड़े पर्सनल लॉ बोर्ड के महासचिव...मुसलमानों के नाम पैगाम देते हुए जारी किया वीडियो




बीपीएस न्यूज

कानपुर। आल इंडिया मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड के राष्ट्रीय महासचिव मौलाना मोहम्मद फजलुर्रहीम मुजद्दी ने वक्फ संशोधन बिल को लेकर मुसलमानों के नाम पैगाम देते हुए एक वीडियो जारी किया है, जिसमे वह कई बार फफक पड़े और कहा कि मुसलमान आज बुराइयों में लगा है। जिससे उसपर तमाम परेशानियां आ रही हैं, मस्जिदों को आबाद करो, परेशानी अपने आप खत्म हो जायेगी। मौलाना ने कहा कि आज देश का 20 करोड़ मुसलमान आजमाइश का शिकार है, मुसलमानों को चाहिए कि वे नमाज की तरफ चल पड़ें और मस्जिदों को फुल कर दें। मौलाना ने अपने वीडियो में लोगों को नसीहत देते हुए कहा कि सामूहिक तौर पर अव्वल आखिर 100 बार दरुद शरीफ पढ़ें और लाहौल विला कूवअत भी 500 बार जरूर पढ़ें। उन्होंने कहा कि ये दौर मुसलमानों के आजमाइश का है,अल्लाह को राजी करने के लिए मस्जिदों को फुल कर दें। मौलाना ने कहा है कि अगर हम किसी बीमारी का शिकार हैं तो सबसे पहले अपना इलाज करायेंगे, उसके बाद ताकत की टानिक लेंगे, ठीक इसी तरह पहले मस्जिदों को आबाद करें

## ऊधमसिंह नगर के सिंडीकेट ने पीलीभीत में खरीदी थी सैकड़ों बीघा जमीन, सांठगांठ से रचा खेल



बरेली। सितारगंज हाईवे के लिए भूमि अधिग्रहण सबसे बड़ा खेल जमीनों की खरीद-फरोख्त करने वाले के ऊधमसिंह नगर (उत्तराखंड) के सिंडीकेट ने किया। इस सिंडीकेट में शामिल कई लोगों के उत्तराखंड के भाजपा नेताओं से गहरे संपर्क हैं। बरेली के भी कई लोग इसमें शामिल बताए गए हैं। सितारगंज हाईवे का एलाइनमेंट पता लगते हैं इन लोगों ने पीलीभीत में दलालों के जरिए सैकड़ों बीघा जमीन खरीद ली और अफसरों से सांठगांठ कर धारा 80 यानी भूउपयोग परिवर्तन भी करा लिया।

इस खेल में सबसे आश्चर्यजनक बात यह रही कि यह घोटाला भी ऊधमसिंहनगर जिले में कुछ साल पहले सितारगंज-पानीपत फोरलेन में हुए घोटाले की तर्ज पर किया गया। सितारगंज हाईवे की भूमि खरीदने वाले सिंडीकेट के कई सदस्यों ने शाहजहांपुर-बीसलपुर फोरलेन हाईवे के संरेखण वाली भूमि भी खरीदी है जिसका पर्दाफाश होना अभी बाकी है। अपर आयुक्त प्रशासन प्रीति जायसवाल की अध्यक्षता वाली पांच सदस्यीय मंडलीय समिति ने जांच में पाया है कि खुद और परिजनों के जरिए 3-ए के नोटिफिकेशन के तुरंत बाद भूमि खरीदने वाले ज्यादातर लोग ऊधमसिंह नगर जिले के रुद्रपुर और सितारगंज के हैं।

पीलीभीत में स्थानीय लोगों को गुमराह किया था और वहीं के दलालों के साथ धारा 80 की भी घोषणा करा ली गई थी। जमीन पर इस तरह के कमजोर ढांचे भी बनाए गए ताकि बाहर से आए लोगों की ज्यादा प्रतिकर पाने की मंशा पूरी हो सके और वे संगठित होकर घोटाला कर सकें। इनमें से कुछ लोगों ने एक से ज्यादा गांवों और जिलों में जहां एनएचएआई की परियोजना प्रस्तावित थी, वहां भी जमीन खरीदी है।

राजेश कुमार, रामकिशोर, रमन फुटेला, मनीषा सिंघल, अंकुर पपनेजा, बबिता रानी, सीमा रानी, नवीन कुमार खेडा, राजकुमारी, उमा गंगवार, पीयूष टंडन, राजन प्रसाद बंसल के नाम इन खिलाड़ियों में शामिल हैं। इनमें कोई रुद्रपुर और तो कोई सितारगंज का है। कई लोग भाजपा से जुड़े हैं, एक-दो लोगों के कांग्रेस से भी जुड़ाव की बात सामने आई है।

बरेली के रामेश्वर दयाल और ऊधमसिंह नगर के नवीन ने बीसलपुर में भी खरीदी जमीन

शाहजहांपुर और बीसलपुर को जोड़ने के लिए करीब 47 किमी लंबा हाईवे बनाने के लिए भूमि अधिग्रहण चल रहा है। इस अधिग्रहण से पहले संयुक्त सचिव भूमि अधिग्रहण, एनएचएआई को भेजी पांच पेज की लिखित शिकायत में बरेली के रामेश्वर दयाल और ऊधमसिंह नगर के नवीन कुमार खेड़ा का नाम भी है। रामेश्वर और नवीन के महोबा और रामेश्वर के ग्यासपुर में भी हाईवे के संरेखण वाली जमीन खरीदने की बात कही जा रही है। इस शिकायत को मंडलीय जांच रिपोर्ट में रामेश्वर और नवीन के नाम खुलने पर सही माना जा सकता

## शिक्षा और अध्यात्म का समावेश करके ही पाई जा सकती है अराजकता से मुक्ति: योगी आदित्यनाथ

गोरखपुर। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रविवार को कहा कि शिक्षा और अध्यात्म का समावेश करके ही अराजकता से मुक्ति पाई जा सकती है। आदित्यनाथ ने गुरुकुलों में हवन की पुरानी आर्य समाज पद्धति का अनुसरण किए जाने पर जोर दिया। मुख्यमंत्री ने रविवार को यहां मेवालाल गुप्त गुरुकुल विद्यालय में नवनिर्मित सभागार, पांच कक्षों और प्रशासनिक भवन का लोकार्पण किया। उन्होंने गुरुकुल के पुनरुद्धार के लिए 'गोरखपुर गुरुकुल सोसाइटी' के अधिकारियों को बधाई दी।

मुख्यमंत्री ने कहा कि गोरखपुर विकास प्राधिकरण ने एक करोड़ पांच लाख रुपये की निधि से यह निर्माण कार्य समय पर पूरा किया। रविवार को जारी एक आधिकारिक बयान के अनुसार, योगी आदित्यनाथ ने लोकार्पण समारोह में कहा, ''गुरुकुलों में यज्ञ और हवन की पुरानी आर्य समाज पद्धति का अनुसरण होना चाहिए।'' उन्होंने कहा, ''जब तक गुरुकुलों में यह परंपरा जीवित रही, तब तक वहां का वातावरण आध्यात्मिक और अनुशासनपूर्ण था, जिससे पठन-पाठन के बेहतरीन परिणाम सामने आते थे।''

### विविध का 39वें दीक्षांत समारोह का कुलाधिपति ने किया शुभारंभ

# माता पिता की अवहेलना नहीं करनी चाहिए, यही असली शिक्षा : आनंदीबेन

◆ विस अध्यक्ष को मानद उपाधि के साथ 105 पदक, एक लाख से अधिक छात्रों को मिली उपाधि





33 ब्रॉन्ज मेडल, 12 वॉइस चांसलर गोल्ड मेडल के साथ प्रायोजित मेडल दिए गए।पूनम को कुलाधिपति कांस्य पदक, सपना को कुलाधिपति कांस्य पदक, निखिल यादव कुलाधिपति कांस्य पदक, नंदिनी गुप्ता कुलाधिपति कांस्य पदक, कामाख्या चतुर्वेदी कुलाधिपति कांस्य पदक,

शालिनी उपाध्याय कुलाधिपति कांस्य पदक, मनविंदर कौर भाटिया कुलाधिपति कांस्य पदक सहित 57 छात्र-छात्राओं को कुलाधिपति ने पदक प्रदान किये गए, जिसमें 39 छात्राएं तथा 18 छात्रों को पदक दिये गए।

इस दौरान कुलाधिपति आनंदी बेन पटेल ने विवि की ओर से गोद लिए 5 गांव की 153 महिलाओं को सर्वाइकल कैंसर का टीका लगाने की अभियान की शुरुआत की। कुलाधिपति की ओर से राष्ट्रीय क्षय रोग उन्मूलन कार्यक्रम के तहत जिला क्षयरोग अधिकारी को टीबी ग्रस्त मरीजों के लिये पोषण पोटली भी प्रदान की गई।

**बीपीएस न्यूज**

कानपुर। छत्रपति शाहूजी महाराज विश्वविद्यालय में शनिवार को 39वें दीक्षांत समारोह का आयोजन किया गया। समारोह का शुभारंभ मंत्रोच्चार के साथ हुआ। इस दौरान शोभायात्रा के साथ कुलाधिपति आनंदीबेन पटेल विश्वविद्यालय कुलपति प्रो. विनय कुमार पाठक, प्रति कुलपति प्रो सुधीर कुमार अवस्थी, कुलसचिव डॉ अनिल कुमार यादव, कार्य परिषद, अकादमिक परिषद के सदस्य गण, संकायाध्यक्ष, सभी विभागाध्यक्ष प्रेक्षागृह मे पहुंचे।

कुलाधिपती आनंदी बेन पटेल के द्वारा स्कूल ऑफ क्रिएटिव एवं परफार्मिंग आर्ट्स की ओर से नटराजन की मूर्ति का लोकार्पण भी किया गया। इस मूर्ति को विवि के फाइन आर्ट्स विभाग के स्टूडेंट्स ने निर्मित किया है। कुलाधिपति ने इस मूर्ति की जमकर प्रशंसा की। समारोह की शुरुआत में स्कूली बच्चों ने पर्यावरण संरक्षण का संदेश देते हुए सुंदर वॉक प्रस्तुत कर मन मोहा।एआईसीटीई के वाइस चेयरमैन डॉ. अभय जेरे मुख्य अतिथि, विशिष्ट अतिथि उच्च शिक्षा मंत्री योगेन्द्र उपाध्याय तथा उच्च शिक्षा राज्य मंत्री रजनी तिवारी और विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना उपस्थित रहे। कुलाधिपति आंनदीबेन पटेल ने मंच पर विश्वविद्यालय के छात्र छात्राओं से को सम्बोधित करते हुए उन्हें उनके अथक परिश्रम के लिए उनकी सराहना की साथ ही सीख देते हुए कहा की कभी भी माता पिता की अवहेलना नहीं करनी चाहिए यही असली शिक्षा है। कार्यक्रम में विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना को डॉक्टरेट की मानद उपाधि प्रदान की गई। इस दौरान उन्होंने कहा हमे विश्वविद्यालय का छात्र होने पर गौरव होता है हर छात्र हमारा ब्रांड एंबेसडर है, हमें देश को कुछ देने की भावना को उद्देश्य बनाकर कार्य करना चाहिए।

समारोह में कुलपति प्रो विनय कुमार पाठक ने विवि द्वारा किए गए विकास कार्यों के बारे में एक साल में न सिर्फ अभूतपूर्व प्रगति की हैं भी जगह बनाई है। उन्होंने कहा की विवि जल्द ही डिस्टेंस लर्निंग प्रोग्राम भी शुरू करने जा रहा है। इस वर्ष 16 अंतर्राष्ट्रीय एमओयू साइन कर गुणवत्तापरक शिक्षा में निर्णायक सुधार लाने का प्रयास किया जा रहा है। वहीं विवि की ख्याति से प्रभावित होकर 10 अंतर्राष्ट्रीय छात्र- छात्राओं ने प्रवेश लिया है। दीक्षांत समारोह में कुलाधिपति ने एक क्लिक पर डिजीलॉकर में सभी छात्रों की डिग्री और मार्कशीट अपलोड कर दी। समारोह में 118737 छात्र-छात्राओं को डिग्री एवं 7 लाख 47 हजार 369 मार्कशीट डिजीलॉकर में अपलोड की गयी। डिजीलॉकर में डेटा अपलोड होते ही सीएसजेएमयू देश भर में नंबर वन पर आ गया। दीक्षांत समारोह में कुल 105 मेडल वितरित किए गए। जिसमें एक चांसलर गोल्ड मेडल, दो सिल्वर मेडल, 33 ब्रॉन्ज मेडल, 12 वॉइस चांसलर गोल्ड मेडल के साथ प्रायोजित मेडल दिए गए। कार्यक्रम में डीजी कॉलेज की छात्रा रीतिका अवस्थी को कुलाधिपति मेडल समेत छह पदक मिले। इस दौरान उन्होंने अपनी सफलता के श्रेय माता पिता को देते हुए बताया की वह भविष्य में प्रोफेसर बनना चाहती हैं। दीक्षांत समारोह में कुल 105 मेडल वितरित किए गए। जिसमें एक चांसलर गोल्ड मेडल, दो सिल्वर मेडल,

## व्यक्ति को अपने लक्ष्य को पाने के लिए एकाग्रता और दृढ़ता की आवश्यकता



**बीपीएस न्यूज**

कानपुर। पितृपक्ष के पावन अवसर पर श्रीराम सेवा समिति के तत्वाधान में मालवीय पार्क कानपुर में हो रही श्रीमद् भागवत कथा का आज तृतीय दिवस संपन्न हुआ कथा का प्रारंभ करते हुए कथा व्यास पंडित दीपक कृष्ण जी महाराज ने बताया कि जीवन में व्यक्ति को अपने लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए एकागृता और दृढ़ता की परम आवश्यकता है धुरू जी महाराज ने अपने गुरु श्री नारद जी की बात को मानकर द्वादश अक्षर मंत्र का एकाग्रता के साथ जप किया इसके प्रभाव से उनके 6 महीने की साधना से ही प्रसन्न होकर भगवान ने उन्हें दर्शन दिया हमें भी जीवन में अपने किसी भी लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए एकागृता से लग जाना चाहिएभक्त प्रहलाद को अपने भगवान पर विश्वास था इस लिए भगवान खंभे से प्रकट होकर उनके विश्वास को पुष्ट कर दियाराजा बलि से तीन पग भूमि का दान वामन भगवान ने ग्रहण किया और उनके तीनो तापों का शमन ? कर दिया इस अवसर पर मनोज बाजपेई रजत बाजपेई खूबचंद गुप्ता राहुल पांडे दिव्यांशु वर्मा लकी गुप्ता शुभम मिश्रा आदि अनेकों भक्ति उपस्थित रहे।

## पुरानी पेंशन बहाली, 26 सूत्री मांगों को लेकर धरना प्रदर्शन

**बीपीएस न्यूज**

कानपुर।पुरानी पेंशन बहाली के समर्थन, माध्यमिक शिक्षा विभाग में शिक्षकों एवं कर्मचारियों की नियुक्ति के सम्बन्ध में विजिलेंस टीम अयोध्या द्वारा की जा रही जांच के विरोध आठवें वेतन आयोग के गठन आदि 26 सूत्रीय को उ0प्र0 माध्यमिक शिक्षक संघ (शर्मा गुट) के प्रदेशीय नेतृत्व के निर्देशानुसार कानपुर मण्डल के सभी 6 जनपदों व प्रदेश के शीर्ष शिक्षक नेताओं सहित शिक्षक/शिक्षिकाओं द्वारा कार्यालय संयुक्त शिक्षा निदेशक (मा0) कानपुर मण्डल चुन्नीगंज, कानपुर नगर में धरना प्रदर्शन किया गया।धरना प्रदर्शन में उ0प्र0मा0शि0संघ के प्रदेश अध्यक्ष मा0 सुरेश कुमार त्रिपाठी (पूर्व एम.एल.सी.) ने सरकार द्वारा अपनायी जा रही शिक्षक विरोधी नीतियों का पुरजोर विरोध करते हुए कहा कि सरकार विजिलेंस टीम अयोध्या द्वारा ऐडेड माध्यमिक विद्यालयों के शिक्षकों व कर्मचारियों के नियुक्ति सम्बन्धी पत्रजातों की जांच करने की प्रक्रिया को तत्काल प्रभाव से रोके, अन्यथा प्रदेश का एक-एक शिक्षक जेल भरो आन्दोलन के लिए तैयार है।

विधान परिषद में नेता शिक्षक दल एम.एल.सी. ध्रुव कुमार त्रिपाठी ने आठवें वेतन आयोग के गठन, नि:शुल्क चिकित्सा सुविधा की मांग की व शिक्षक हितों के लिए सड़क से लेकर सदन तक संघर्ष का आवाहन किया। लायी जा रही यूनीफाइड पेंशन स्कीम, एन.पी. एस. से भी कहीं अधिक अहितकारी स्कीम है। माध्यमिक शिक्षक संघ केवल और केवल जी.पी.एफ. आधारित पुरानी पेंशन बहाली की मांग करता है।प्रदेश उपाध्यक्ष हेमराज सिंह गौर मण्डलीय अध्यक्ष एन.पी. सिंह गौर व मण्डलीय मंत्री मोहित मनोहर तिवारी द्वारा मुख्यमंत्री, उ0प्र0 सरकार को सम्बोधित 26 सूत्रीय मांगपत्र सम्बन्धी ज्ञापन संयुक्त शिक्षा निदेशक (मा0) कानपुर मण्डल को दिया गया।धरने में प्रमुख रूप से डा0 दिनेश चन्द्र शर्मा, जगवीर किशोर जैन, नरेन्द्र कुमार वर्मा (महामंत्री), ठाकुर प्रसाद यादव, कृष्ण यादव, सम्वृद्धि मिश्रा, राकेश तिवारी, अनिल सचान, नागेन्द्र भदौरिया, विनोद मिश्रा, साध्येश सिंह, मोहित यादव, महेन्द्र भारती, राजेश यादव, लालाराम दुबे, नरेन्द्र पाल, देवेश शर्मा, राजीव गोयल आदि उपस्थित रहे।


## शहीद-ए-आजम भगत सिंह की 117वीं जयंती पर क्रांतिकारियों में कानपुर की भूमिका एवं भगत सिंह के योगदान पर संगोष्ठी



कानपुर। शहीद-ए-आजम भगत सिंहजी की 117वीं जयन्ती के शुभ अवसर पर भारत सेवक समाज, कानपुर मंडल के तत्वाधान में क्रांतिकारियों में कानपुर की भूमिका एवं भगत सिंह का योगदान卐 विषयक संगोष्ठी कृष्णा प्रांगण, गांधी पार्क के सामने, कानपुर में सफलतापूर्वक सम्पन्न हुई। सर्वप्रथम मुख्य अथिति, अध्यक्ष एवं अथितियों द्वारा सरदार भगत सिंह जी के चित्र पर माल्यार्पण करते हुये सभी लोगों द्वारा पुष्पांजली की गयी। महामंत्री एवं स्वागताध्यक्ष द्वारा सरदार भगत सिंह जयन्ती समारोह में पधारे सभी गणमान्य प्रबुद्ध जनों का स्वागत किया। इस अवसर पर उत्कृष्ट सामाजिक कार्यों हेतु क्षेत्रीय पार्षद एवं अन्य गणमान्य नागरिकों को मेडल पहनाकर सम्मानित भी किया गया।तत्पश्चात मुख्य अथिति, विशिष्ट अथिति एवं अन्य वक्ताओं ने बताया कि देश की आज़ादी में भगतसिंह सहित अनेक क्रांतिकारियों का भी महत्वपूर्ण योगदान रहा है, जिसका हमें सदैव सम्मान करना चाहिये। शहीद ए आजम भगत सिंह का जन्म आर्य समाजी सिख परिवार में 28 सितम्बर 1907 को तहसील जरांवाला, पंजाब प्रांत में एवं मृत्यु 23 मार्च 1931 को लाहौर, पंजाब प्रांत में हुई थी। उनके पिता का नाम सरदार किशन सिंह और माता का नाम विद्यावती कौर था। सिखधर्म के स्थान पर राष्ट्रधर्म के कारण उन्होंने अपने केश व दाढी को काटने में भी गुरेज नहीं किया। वे भारत के एक प्रमुख स्वतंत्रता सेनानी क्रांतिकारी थे। सरदार भगत सिंह ने पं0 चन्द्रशेखर आजाद व पार्टी के अन्य सदस्यों के साथ मिलकर इन्होंने देश की आज़ादी के लिए अभूतपूर्व साहस के साथ शक्तिशाली ब्रिटिश सरकार का मुक़ाबला किया था। उन्होंने लाला लाजपत राय की लाठीचार्च के कारण हुई मृत्यु का बदला लेने हेतु पहले लाहौर में साण्डर्स की हत्या में भाग लिया और उसके बाद दिल्ली की केन्द्रीय संसद (सेण्ट्रल असेम्बली) में बम-विस्फोट करके ब्रिटिश साम्राज्य के विरुद्ध खुले विद्रोह की आवाज बुलन्द की। इन्होंने असेम्बली में बम फेंकने के बाद भागने से भी मना कर दिया। इन्हें 23मार्च, 1931 को इनके दो अन्य साथियों, राजगुरु तथा सुखदेव के साथ अंग्रेज सरकार ने सारे नियम कानूनों को ताक पर रखते हुए सायं 7 बजे फाँसी दे दी। कानपुर में गणेश शंकर विद्यार्थी के संरक्षण में प्रताप प्रेस में छद्म नाम बलवंत सिंह के रूप में लेखन कार्य भी किया, जिन्हें पुलिस का कभी पकड़ नहीं पायी। भगत सिंह आजादी के लिये हिंदी को सर्वमान्य भाषा बनाने पर जोर देते थे। आज भी सारे देश में उनके बलिदान को बड़ी गम्भीरता से याद किया जाता है। आज भी वे सभी जनमानस के दिलों में वे आज़ादी के असली नायकों में हैं।

इस अवसर पर लेखिका एवं कवियत्री सीमा अग्रवाल 'जागृति' ने स्वरचित रचना के जरिये शहीदे ए आजम भगत सिंह एवं शहीदों पर प्रकाश डाला। समारोह की अध्यक्षता सुखबीर सिंह मालिक के साथ मुख्य अतिथि प्रदेश के वरिष्ठ शिक्षक विधायक मा0 राज बहादुर सिंह चंदेल, अति विशिष्ट अतिथि नागरिक सुरक्षा के उपनियंत्रक शिवराज सिंह, मुख्य वक्ता योगगुरू ओम प्रकाश आनंद, स्वागताध्यक्ष सूर्य प्रकाश लाला त्रिवेदी, उ0प्र0 विधानसभा अध्यक्ष के प्रतिनिधि सुरेंद्र अवस्थी आदि की सराहनीय उपस्थिति का आभार उपाध्यक्ष देहदान प्रणेता मनोज सेंगर तथा सफल संचालन महामंत्री एवं आयकर अधिकारी शरद प्रकाश अग्रवाल द्वारा किया गया। समारोह में उपस्थित अन्य प्रमुख लोगों में कार्यक्रम संयोजक पूर्व पार्षद मदन लाल भाटिया, पार्षद नरोत्तम दद्दू, पार्षद वेद प्रकाश, कोषाध्यक्ष योगेश ठाकुर, सहसंयोजक एडवोकेट अरविंद दीक्षित, एडीसी विष्णु शर्मा, सीमा अग्रवाल 'जागृति', कविता मिश्रा, इकबाल कौर, सीमा अग्रहरि, अमरीश जायसवाल, दिलीप मिश्रा, राजू खंडूजा, तारुणी कुमार पासवान, अमित श्रीवास्तव, सतेन्द्र शुक्ल, अभिमन्यु सिंह, अशोक मिश्रा, प्रदीप भाटिया, अनिल बाजपेई, सुशील बाजपेई, सियाराम यादव, रघुवीर सिंह, वी0 के0 यादव, उदय वीर सिंह, के0के0 शुक्ला सहित भारी संख्या में मौजूद रहे।

## मामा भांजे वेज बिरयानी, कबाब पराठा की दुकान से लिया फूड विभाग ने सैंपल







**बीपीएस न्यूज**

कानपुर। 26 सितंबर गुरुवार को किदवई नगर स्थित मामा भांजे के नाम से चला रहे वेज बिरियानी, कबाब पराठा की दुकान से फूड विभाग के अधिकारियों ने सैंपल लिया है। फूड इंस्पेक्टर सोमनाथ कुशवाहा व खाद्य सुरक्षा अधिकारी डॉक्टर देवेंद्र सिंह आजाद ने बताया कि पहले से तैयार रखा हुआ वेज कबाब, बिरयानी का पका चावल, फिंगर चिप्स के नमूने लिए गए हैं, जिसे जांच के लिए लैब भेजा जाएगा। खाद विभाग की टीम दोपहर 3-30 बजे से 4-30 बजे तक दुकान की जांच करती रही। दुकान का मालिक मूवीन अहमद मौके पर मौजूद था।

आपको बता दे कि एक दिन पहले 25 सितंबर बुधवार रात्रि 9-30 के करीब बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने भीड़ के साथ मामा भांजे वेज बिरयानी की दुकान में हंगामा किया था। बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने आरोप लगाया था। कि मामा भांजे भेज कॉर्नर किसी मुस्लिम व्यक्ति द्वारा संचालित है और सूचना मिली थी कि यहां पर वेज बिरयानी और कबाब में मीट का प्रयोग किया जाता है। जिसको लेकर भीड़ ने हंगामा काटा था।

सूचना पर किदवई नगर थाने की फोर्स पहुंची और दुकान को बंद कराते हुए जांच की बात कही थी। पुलिस प्रशासन द्वारा सहायक आयुक्त खाद को सूचना दी गई। सूचना पर खाद्य विभाग की टीम गुरुवार दोपहर पहुंची और सैंपल भरकर जांच के लिए भेजा।सैंपल भरते समय मौके पर फूड इंस्पेक्टर सोमनाथ कुशवाहा, खाद्य सुरक्षा अधिकारी डॉक्टर देवेंद्र सिंह आजाद, किदवई नगर चौकी इंचार्ज प्रभात शर्मा मौजूद रहे।

## ड्राइवर ने ट्रांसपोर्टर को लगाया लाखों का चूना, माल लेकर फरार

**बीपीएस न्यूज**

कानपुर। थाना बाबूपुरवा क्षेत्र के ट्रांसपोर्ट नगर स्थित नेशनल ट्रांसपोर्ट कारपोरेशन के मैनेजर राम जी त्रिपाठी ने आरोप लगाते हुए बताया कि विगत 3 सितम्बर को अहमदाबाद कार्यालय से उनके ट्रांसपोर्ट की आर जे 19 जी क्यूं 2814 गाड़ी ग्राम उदयपुर जामु कला अंबेडकर नगर निवासी ड्राइवर पप्पू पाल अहमदाबाद से कानपुर को रेडिमेड कपड़ो भरी गाड़ी लेकर निकला। रास्ते में ड्राइवर पप्पू ने 27 नग रेडिमेड कपड़ो को चोरी कर उन्हें चूना लगाकर फुर्र हो चला। माल की कीमत तकरीबन 15 लाख रुपए है। जैसे ही उनकी गाड़ी ट्रांसपोर्ट पहुंची तथा माल का मिलान कराने पर उन्हें 27 नग कम नजर आए। उन्होंने बताया की उनका ट्रांसपोर्ट तकरीबन 20 वर्षों से संचालित हो रहा है। ड्राइवर के द्वारा लाखो की चोरी करने से उनकी विश्वसनीयता पर भी सवाल उठ रहे हैं। उन्होंने आलाधिकारियों से गुहार लगाते हुए अपील की जल्द ड्राइवर की गिरफ्तारी की मांग की। मैनेजर त्रिपाठी ने बताया की उनकी प्राथमिक सूचना स्थानीय पुलिस ने दर्ज कर ली है तथा ड्राइवर लाखो की चपत लगाकर गायब है। और उसके पारिवारिक जन आरोपी ड्राइवर का साथ देते हुए उन पर ही दबाव बना रहे हैं। रामजी त्रिपाठी ने घटना की जानकारी देते हुए कहा कि ट्रांसपोर्ट यूनियन को भी उक्त मामले की जानकारी दे दी गई तथा यूनियन ने हर कदम पर साथ देने की बात कही है। वहीं दूसरी ओर ट्रांसपोर्ट के मैनेजर ने अपील करते हुए कहा कि लाखों का माल लेकर फरार हुए ड्राइवर की सूचना पुलिस प्रशासन एवं ट्रांसपोर्ट यूनियन को देने वाले को उचित इनाम दिया जाएगा।

## प्रदेश में इस तरह की होने वाली किसी भी घटना का निडर होकर विरोध करें: अशोक यादव

**बीपीएस न्यूज**

कानपुर। अखिल भारतवर्षीय यादव महासभा के नव नियुक्त प्रदेश अध्यक्ष अशोक यादव (एडवोकेट सुप्रीम कोर्ट) प्रथम नगर आगमन पर कानपूर नगर और देहात के संगठन के वरिष्ठ पदाधिकारियों और साथियों द्वारा भव्य स्वागत किया गया!

मीडिया से वार्ता की और संगठन के सभी सजातीय साथियों को भरोसा दिलाया कि प्रदेश में एक जाति विशेष को राजनितिक द्वेष भावना से ग्रसित होकर प्रदेश की वर्तमान सरकार में अधिकारियों द्वारा उन्हें झूठे मुकदमों में फंसाये जाने प्रताड़ित किये जाने, और इंकाउंटर किये जाने का पुरजोर विरोध करते हैं, और संगठन के सभी साथी कार्यकर्ताओं को भरोसा दिलाया की प्रदेश में इस तरह की होने वाली किसी भी घटना का वो संज्ञान ले और निडर होकर विरोध करें।प्रदेश नेतृत्व निडरता से साथ में है नव निर्वाचित प्रदेश अध्यक्ष ने प्रेस के माध्यम से सरकार के अधिकारियों को चेताया कि भविष्य में यदि इस तरह की पुनरावृत्ति होती है तो प्रदेश के मुख्य मंत्री व् राज्यपाल को इस आशय का ज्ञापन दिया जायेगा और विरोध में प्रदेश में बड़े पैमाने पर आंदोलन किया जायेगा प्रदेश के सभी पदाधिकारियों और साथी कार्यकर्ताओं को निर्देश दिए की समाज में व्याप्त दहे? प्रथा, मृत्यु भोज जैसी तमाम अन्य कुरीतियों को समाप्त करने की दिशा समाज को जागरूक करें तथा सामूहिक कन्याओं के विवाह, समाज के बालक बालिकाओं की शिक्षा व् स्वस्थ्य की दिशा में सार्थक और जमीनी स्तर पर कार्य करें इसके लिए प्रदेश नेतृत्व उनके साथ है

इस अवसर पर मनोज यादव राष्ट्रीय महासचिव, सूर्यपाल सिंह प्रदेश महासचि०, रामकरन सिंह यादव एडवोकेट, यादवेंद्र प्रताप सिंह यादव प्रदेश महासचिव अमर बहादुर यादव अशर्फी लाल यादव प्रदीप यादव बृजबिहारी यादव राघवेंद्र यादव ज्ञानेंद्र यादव जिलाध्यक्ष, सुधीर सिंह यादव आदि लोग मौजूद रहे।

## रैशनल एंटीबायोटिक उपयोग सप्ताह पर प्रेस कॉन्फ्रेंस संपन्न

**बीपीएस न्यूज**

कानपुर। जीएसवीएम मेडिकल कॉलेज, कानपुर के शिशु रोग विभाग में रैशनल एंटीबायोटिक उपयोग सप्ताह के अवसर पर एक सफल प्रेस कॉन्फ्रेंस का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य एंटीबायोटिक दवाओं के विवेकपूर्ण और सही उपयोग के प्रति जागरूकता बढ़ाना था। कार्यक्रम में चिकित्सा क्षेत्र के विशेषज्ञों आम जनता ने भाग लिया।एंटीबायोटिक दवाओं के अत्यधिक और अनियमित उपयोग के खतरों के बारे में जानकारी दी गई और बताया गया कि यह हमारे स्वास्थ्य के लिए कितना गंभीर खतरा बन सकता है।एंटीबायोटिक प्रतिरोध (रेजस्टिंस) की बढ़ती समस्या पर जोर दिया गया और इसे एक महत्वपूर्ण सार्वजनिक स्वास्थ्य चुनौती बताया गया।वक्ताओं ने इस बात पर बल दिया कि एंटीबायोटिक दवाओं का सेवन केवल डॉक्टर की सलाह पर ही करना चाहिए।संक्रमण की रोकथाम और इससे बचाव के उपायों पर प्रकाश डाला गया।सामूहिक जागरूकता और सावधानी से एंटीबायोटिक प्रतिरोध को कम करने की आवश्यकता पर जोर दिया गया।

डॉ. वी. एन. त्रिपाठी (पूर्व डीजीएमई, उत्तर प्रदेश) ने बताया कि एंटीबायोटिक दवाओं के अत्यधिक उपयोग से आने वाले समय में इनकी प्रभावशीलता कम हो सकती है, जिससे गंभीर स्वास्थ्य समस्याएं उत्पन्न हो सकती हैं।इस कार्यक्रम ने एंटीबायोटिक दवाओं के सही उपयोग, एंटीबायोटिक प्रतिरोध की समस्या और इसके समाधान के लिए जागरूकता फैलाने का एक सार्थक मंच प्रदान किया। इस अवसर पर उपस्थित सभी विशेषज्ञों ने एंटीबायोटिक दवाओं के विवेकपूर्ण उपयोग को बढ़ावा देने का संकल्प लिया और समाज में इस जागरूकता को फैलाने का आह्वान किया।

## किसान मेला एवं कृषि उद्योग प्रदर्शनी की तैयारियों पर सौंपी गई जिम्मेदारियां

**बीपीएस न्यूज**

कानपुर। सीएसए के मुख्य परिसर में आगामी माह अक्टूबर में किसान मेला एवं कृषि उद्योग प्रदर्शनी का आयोजन होगा। जिसे भव्यता देने के लिए जोरों से तैयारी शुरू हो गई है। विश्वविद्यालय के निदेशक प्रसार डॉक्टर आरके यादव ने बताया कि वि.वि.के कुलपति डॉक्टर आनंद कुमार सिंह की कुशल मार्गदर्शन में आगामी 24 से 25 अक्टूबर को दो दिवसीय कृषक मेले का आयोजन किया जाना है। जिसकी अभी से जिम्मेदारियां बांट दी गई हैं।

# रेलवे ट्रैक पर मिला सिलेंडर

## पुष्पक एक्सप्रेस के लोको पायलट ने इमरजेंसी ब्रेक लगाकर रोकी ट्रेन



बीपीएस न्यूज

कानपुर । ट्रेनों को बेपटरी करने की तमाम साजिशें सामने आ रही है। अब एक बार फिर कानपुर में ट्रेन के आगे सिलेंडर रखकर पलटाने का प्रयास किया गया। यह घटना भीमसेन से गोविंदपुरी के बीच रविवार की तड़के हुई। इस बार होल्डिंग लाइन पर रेलवे का सेफ्टी सिलेंडर पड़ा मिला। पुष्पक एक्सप्रेस के लोको पायलट एके भसीन ने ट्रैक पर सिलेंडर देखकर इमरजेंसी ब्रेक लगाई और नीचे उतरे। सिलेंडर पर जीकेपी यानी गोरखपुर लिखा था। उन्होंने कंट्रोल रूम को सूचना दी तो जीआरपी और आरपीएफ मौके पर पहुंची। छत्रपति शिवाजी टर्मिनस से लखनऊ जंक्शन जा रही पुष्पक एक्सप्रेस रविवार की सुबह भीमसेन से गोविंदपुरी के बीच होल्डिंग लाइन से होकर सेंट्रल स्टेशन की ओर बढ़ रही थी। होल्डिंग लाइन होने के चलते यहां ट्रेन की स्पीड काफी कम थी। भीमसेन से करीब पांच किलोमीटर आगे लोको पायलट एके भसीन की निगाह ट्रैक पर पड़े सिलेंडर पर पड़ी तो उन्होंने इमरजेंसी ब्रेक लगाकर ट्रेन कुछ दूर पहले रोक दी। नीचे उतरकर देखा तो सिलेंडर रेलवे द्वारा जारी किया गया था। वह सिलेंडर को लेकर कानपुर सेंट्रल आ गए और आरपीएफ को सौंप दिया।

जांच हुई तो पता चला कि गोरखपुर के सीनियर सेक्शन इंजीनियर द्वारा फायर सेफ्टी सिलेंडर जारी किया गया। यह सिलेंडर कुशीनगर एक्सप्रेस का था। ट्रैक पर सेफ्टी सिलेंडर मिलने के कुछ देर पहले ही गोरखपुर से लोकमान्य तिलक टर्मिनस जाने वाली कुशीनगर एक्सप्रेस गुजरी थी। डिप्टी सीटीएम आशुतोष कुमार सिंह ने बताया कि रेलवे के कैरिज एंड वैगन विभाग इस मामले की जांच कर रहा है।इससे पहले इसी रूट पर 16 अगस्त की रात को भीमसेन स्टेशन के पास साबरमती एक्सप्रेस बोल्डर से टकरा कर पटरी से उतर गई थी, जबकि आठ सितंबर को कानपुर कासगंज रूट पर कालिंदी एक्सप्रेस के आगे भरा हुआ एलपीजी सिलेंडर रखा गया था। पिछले शनिवार को कानपुर फतेहपुर रेलवे लाइन पर प्रेमपुर स्टेशन की लूप लाइन पर 5 लीटर क्षमता का खाली एलपीजी सिलेंडर मिल चुका है।

## चालक की सूझबूझ से टला हादसा

# महोबा में ट्रेन पलटाने की साजिश: ट्रैक पर पत्थर रखने वाला चरवाहा अरेस्ट

बीपीएस न्यूज

महोबा। झांसी मानिकपुर रेल लाइन पर थाना कबरई क्षेत्र के ग्राम रैवारा के समीप से निकली रेल लाइन पर एक शरारती तत्व ने एक सीमेंट के पत्थर का टुकड़ा रख दिया। लेकिन चालक के देख लेने से उसने इमरजेंसी ब्रेक लगाकर गाड़ी रोक दी। इसके बाद रेलवे कंट्रोल रूम और कबरई पुलिस को सूचना दी।

सूचना पर पहुंची पुलिस ने पटरी पर पड़े पत्थर को हटाकर ट्रेन को आगे के लिए रवाना कराया। पुलिस द्वारा की गई जांच पड़ताल के बाद पटरी के नजदीक पशु चरा रहे एक चरवाहे सिर्फ पूछताछ में चरवाहा ही ट्रेन की पटरी में सीमेंट का बड़ा पत्थर रखने का आरोपी निकला पुलिस ने चरवाहे को गिरफ्तार कर लिया है।

ग्राम रैवरा निवासी अंशु 17 झांसी मानिकपुर रेल लाइन के नजदीक पशुओं को चरा रहा था तभी अचानक चरवाहे ने शरारतन रेलवे पटरी के पास पड़े एक करीब आठ फीट लंबे सीमेंट के पत्थर को रेलवे ट्रैक कर रख दिया। पत्थर रखने के थोड़ी देर बाद झांसी की तरफ से पैसेंजर ट्रेन आ गई। चरवाहा यह सब नजारा देखता रहा।

देखते ही देखते ही ट्रेन चालक ने ट्रेन पटरी पर पत्थर पड़ा देख कर सूझ बूझ का परिचय देते हुए इमरजेंसी ब्रेक लगाकर ट्रेन को रोक दिया, इससे बड़ा हादसा होते-होते बच गया। ट्रेन में यात्रा कर रहे यात्रियों ने चालक की सूझबूझ से ट्रेन हादसा बचा लेने पर सराहना की।

इस मामले की बाद करीब 1 घंटे तक ट्रेन मौके पर खड़ी रही।

बाद में अधिकारियों द्वारा जांच पड़ताल करने के बाद ट्रेन को आगे के लिए रवाना किया गया। उधर पुलिस घटना की जांच पड़ताल में जुट गई और चरवाहे को हिरासत में लेकर पूछताछ की गई। तो चरवाहे ने ट्रेन की पटरी पर पत्थर रखने की बात स्वीकार कर ली। पुलिस अभी चरवाहे से पूछताछ कर रही है। पुलिस ने चरवाहे के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच पड़ताल शुरू कर दी है।

# कच्ची दीवार गिरी, मलबे में दबकर बालक की मौत, घटना से परिवार में छाया मातम



बीपीएस न्यूज

कानपुर देहात। कानपुर देहात में झींझक के द्वारिकागंज में शनिवार देर शाम बारिश के दौरान दीवार गिरने से एक बालक मलबे में दबकर घायल हो गया। सीएचसी में डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। घटना से परिवार में मातम छा गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने राजस्व टीम ने छानबीन की।

मंगलपुर थाना क्षेत्र के द्वारिकागंज झींझक निवासी विनय सिंह का चार वर्षीय पुत्र लक्ष्य शनिवार देर शाम घर में खेल रहा था। इसी दौरान बारिश के बीच अचानक टीनशेड व ईंटों की कच्ची दीवार ढह गई। जिससे लक्ष्य मलवे में दब गया। परिजनों ने आनन-फानन उसे बाहर निकाला और इलाज के लिए सीएचसी झींझक ले गए। जहां डॉ. राजीव यादव ने बालक को मृत घोषित कर दिया।

मौत की खबर से मां पूजा, पिता विनय बाबा लालजीत सहित अन्य परिजन बिलखने लगे। रविवार सुबह सूचना मिलने से डेरापुर तहसील से कानूनगो बसंत लाल व लेखपाल कमल किशोर ने क्षति आंकलन की रिपोर्ट तैयार की। वहीं मौके पर पहुंचे झींझक चौकी प्रभारी ने छानबीन की। चौकी प्रभारी शिवकुमार शर्मा ने बताया कि शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा गया है। रिपोर्ट आने पर अग्रिम विधिक कार्रवाई की जाएगी।

# कानपुर में तीसरे दिन भी रद्द हुआ मैच

## ग्रीनपार्क स्टेडियम में आए प्रशसंकों में छाई मायूसी, बोले- अब चौथे दिन का इंतजार

बीपीएस न्यूज

कानपुर। कानपुर में भारत-बांग्लादेश के बीच खेला जा रहा मैच के तीसरे दिन भी रद्द कर दिया गया। मैच रद्द होने से प्रशसंकों में मायूसी छा गई। प्रशसंकों का कहना है कि अब उन्हें चौथे दिन का इंतजार है। उधर, मैदान से कवर्स को हटा दिया गया है।

इसके बाद पिच क्यूरेटर की देखरेख में मैदानकर्मियों ने सुपर शॉपर की मदद से मैदान में भरे हुए हल्के पानी को साफ करने की कवायद में जुटे रहे। वहीं, मैच रेफरी ने सुबह दस बजे मैदान का जायजा लिया था। फिर मैदानी अंपायरों व पिच क्यूरेटर के साथ चर्चा करने के बाद 12 बजे फिर से मैदान देखने के बाद मैच कराने के बारे में निर्णय लेने की घोषणा की। करीब दो बजे अंपायर पिच का निरीक्षण किया, इसके बाद भी पिच सुख नहीं पाने पर तीसरे दिन का मैच रद्द कर दिया गया।



टीमों को देखने के लिए उत्साहित दिखे दर्शक तीसरे दिन टेस्ट मैच देखने आने वाले दर्शकों का उत्साह व उमंग अपने चरम पर दिखा। हाथों में तिरंगा व सीटी लिए दर्शक ग्रीनपार्क चौराहे पर टीम के गुजरने का इंतजार करते दिखे, ताकि उन्हें क्रिकेटरों की एक झलक मिल जाए। वहीं, अपने फेवरेट क्रिकेटर की टी-शर्ट खरीदने वाले समर्थकों की भी स्टेडियम के आसपास लगी रही।

## लापरवाही : अनौगी चौकी प्रभारी समेत तीन निलंबित

कन्नौज। एसपी ने अनौगी पुलिस चौकी प्रभारी किशनवीर को निलंबित कर दिया है। जमानत के बाद गैंगस्टर लगने में देरी के फलस्वरूप जेल से रिहा नीलू यादव के फरार होने में लापरवाही पर यह कार्रवाई की गई है।एसपी अमित कुमार आनन्द ने लापरवाही पर गुरसहायगंज कोतवाली क्षेत्र की जिला जेल चौकी अनौगी के प्रभारी किशनवीर को निलंबित कर दिया। सूत्र बताते हैं कि कोतवाली पुलिस किशोरी से दुष्कर्म के मामले में नवाब सिंह यादव, किशोरी की बुआ व नवाब सिंह यादव के भाई नीलू यादव के खिलाफ गैंगस्टर की कार्रवाई की गई थी। इससे पहले नीलू जेल से बाहर निकल आये और फरार हो गये।

# ईंट-पत्थर लेकर पहुंचे दबंगों ने दी मंदिर क्षतिग्रस्त करने की धमकी

## पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर जांच शुरू की पनकी थानाक्षेत्र की घटना, मंदिर के आसपास अतिक्रमण के लिए फैला रखी गंदगी

बीपीएस न्यूज

कानपुर।पनकी थानाक्षेत्र में शिव मंदिर के आसपास कुछ लोग गंदगी फैलाकर अतिक्रमण किए हैं। आसपास के लोगों ने कई बार साफ-सफाई कराई। इसके बावजूद गंदगी फैलाने वाले दबंग बाज नहीं आए और सफाई करने के दौरान ईंट-पत्थर लेकर आ गए। गाली-गलौज करते हुए मंदिर क्षतिग्रस्त करने की धमकी देने लगे। इस घटना में 8 नामजद और 30 अज्ञात लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गई है।पनकी डी ब्लॉक निवासी विशाल गुप्ता ने पनकी थाने में एफआईआर दर्ज कर बताया कि पनकी मंदिर से गंगागंज मार्ग पर प्राचीन शिव मंदिर है। इसके सामने आलम ट्रेडर्स नाम से एक दुकान है। इस दुकान का मालिक मंदिर के आसपास मिट्टी, गिट्टी, मौरंग, सरिया जमा करके अतिक्रमण किए है।

इसके साथ ही वह मंदिर के आसपास गंदगी फैलाता है। इससे मोहल्ले के लोगों को मंदिर आने-जाने और पूजा करने में परेशानी का सामना करना पड़ता है। 26 सितंबर को मंदिर के आसपास नगर निगम की टीम के साथ लोगों ने मिलकर सफाई की। लेकिन उसी रात दोबारा मंदिर परिसर तक गंदगी फैला दी गई। 27 सितंबर को जब लोग फिर से सफाई करा रहे थे।

आरोप है कि उसी दौरान दुकान मालिक साहब आलम के अलावा शाहरुख, समीर, सीबू वारिस, राजा, शकील, इदरीश, साहिल निवासी पनकी के साथ 25 से 30 लोग हाथ में ईंट-पत्थर लेकर आ गए और गालीगलौज करते हुए जान से मारने और मंदिर क्षतिग्रस्त करने की धमकी देने लगे।

पनकी इंस्पेक्टर मानवेंद्र सिंह ने बताया कि पीड़ित की तहरीर पर साहब आलम, शाहरूख, समीर सरगम बैंड, सीबू वारिस, राजा, शकील, इदरीश, साहिल व 25 से 30 अज्ञात के खिलाफ दंगा और धमकी की धाराओं में मामला दर्ज कर आरोपियों की तलाश की जा रही है।

# कानपुर में साहिल हत्याकांड में लापरवाही बरतने पर निपटे गोविंद नगर थानेदार, इंस्पेक्टर के भी हुए तबादले

## चौकी इंचार्ज को भी लापरवाही बरतने पर किया जा चुका है निलंबित

बीपीएस न्यूज

कानपुर ।गोविंद नगर थाना क्षेत्र में गांजा तस्करी के विवाद में रतनलाल नगर में सरेराह साहिल की पीट पीटकर हत्या किए जाने के मामले में लापरवाही बरतने में गोविंद नगर थाना प्रभारी प्रशांत मिश्रा निपट गए। इससे पहले चौकी इंचार्ज भी इसे मामले में लापरवाही बरतने पर निलंबित किए जा चुके है।

महादेव नगर कच्ची बस्ती निवासी गांजा तस्कर हिस्ट्रीशीटर विकास उर्फ मैडी का पड़ोस में रहने वाले साहिल व उसकी बहनों मुस्कान, मोनी, सोनी, मोहिनी से लंबे समय से विवाद चल रहा था। बीते वर्ष विकास ने साहिल पर कुल्हाड़ी से हमला हत्या की कोशिश की थी।

इस मामले में हिस्ट्रीशीटर व उसके भाई विक्रम और विवेक को जेल भेजा गया था। कुछ समय पहले विक्रम व विवेक जेल से छूटकर आए और मुस्कान को कोर्ट में गवाही न देने की धमकी दी थी। मना करने पर विक्रम, विवेक ने साथियों अक्षय विशाल के साथ साहिल को सीटीआई नहर के पास घेरा और पीट- पीटकर उसकी हत्या कर दी थी।

डीसीपी साउथ अंकिता शर्मा ने इस मामले में रतनलाल नगर चौकी प्रभारी विद्याश्री को निलंबित कर दिया था। साथ ही गोविंद नगर थाना प्रभारी प्रशांत कुमार को भी लापरवाही का दोषी माना था। उनके खिलाफ थाना प्रभारी के खिलाफ कार्रवाई की संस्तुति के साथ पुलिस कमिश्नर अखिल कुमार को फाइल भेजी थी। इस पर पुलिस कमिश्नर ने इंस्पेक्टर प्रशांत कुमार मिश्रा थाना प्रभारी पद से हटाकर प्रभारी महिला अपराध के साथ प्रभारी एंटी भू-माफिया सेल, नारकोटिक्स, सम्मन और लाइसेंसिल सेल की जिम्मेदारी दी है। वहीं अरौल थाना प्रभारी अखिलेश कुमार को वहां से हटाकर महाराजपुर व शिवराजपुर थाना प्रभारी बृजेश कुमार को बजरिया थाने का अतिरिक्त निरीक्षक बनाया है।

## इंस्पेक्टर क्षेत्र में हुआ बदलाव




घाटमपुर थाना प्रभारी प्रदीप कुमार सिंह को गोविंद नगर, इंस्पेक्टर धनंजय कुमार पांडेय को पीआरओ पुलिस कमिश्नर थाना प्रभारी घाटमपुर, एचबीटीयू थाना प्रभारी दुर्गेश मिश्रा को ग्वालटोली, बादशाहीनाका थाना प्रभारी अरविंद सिंह को शिवराजपुर, प्रभारी महिला अपराध शरद तिलारा को अपराध शाखा, अपराध शाखा में तैनात जनार्दन सिंह यादव को थाना प्रभारी अरौल, जवार लाल शर्मा को रिजर्व पुलिस लाइन से अतिरिक्त प्रभारी निरीक्षक थाना शिवराजपुर, रिजर्व पुलिस लाइन से उदयवीर सिंह को अतिरिक्त प्रभारी निरीक्षक काकादेव बनाया गया है।

# कानपुर की काकादेव कोचिंग मंडी में शिक्षक व छात्रा के बीच रोमांस

कानपुर। काकादेव थानाक्षेत्र से एक चौंकाने वाला लव जिहाद का मामला सामने आया है। जहां एक बड़े नीट की कोचिंग संस्थान में बायोलॉजी शिक्षक की काली करतूत वहां लगे सीसीटीवी में कैद हो गई। कोचिंग संचालक तक छात्र और शिक्षक का रोमांस करते वीडियो पहुंचा। पीड़ित ने इस मामले की लिखित शिकायत काकादेव पुलिस से की है। पुलिस ने आरोपी शिक्षक साहिल सिद्दीकी को गिरफ्तार कर लिया। मालूम हो कि काकादेव कोचिंग मंडी किसी न किसी मामले से हमेशा चर्चा में रहती है।

तुलसी नगर निवासी नीट कोचिंग के संचालक ने काकादेव थाने में दिए गए प्रार्थना पत्र में बताया कि उन्हें दो दिन पहले एक बंद लिफाफा उनके नाम का कोंचिग ऑफिस में पड़ा मिला। बताया कि उसे खोला तो उसमें एक पेन ड्राइव निकली। यह देख उन्हें कुछ समझ नहीं आया तो उन्होंने तुरंत पेन ड्राइव लगाकर उसे चेक किया। जिसमें संस्थान के विशेष समुदाय के बायोलॉजी शिक्षक साहिल सिद्दीकी एक छात्रा के साथ गलत हरकत कर रहा। संस्थान के शिक्षक का यह कृत्य देख उनके होश उड़ गए।

संचालक के अनुसार इसके बाद उन्होंने अपने स्तर से जांच की तो पता चला कि कई छात्राओं को गुमराह करने का आरोप इसी शिक्षक पर है। वीडियो में दिख रहा है कि शिक्षक क्लास में पढ़ने वाली छात्रा को बाथरूम में ले जाता है। बाथरूम से जब वह बाहर निकलते हैं तब इसके बाद भी शिक्षक और छात्र के बीच रोमांस चलता रहता है। शिक्षक की यह करतूत बाथरूम के बाहर लगे सीसीटीवी में कैद हो गई।

सूत्र बताते हैं, कि आरोपी शिक्षक के खिलाफ इसके पहले भी कई छात्राओं ने शिकायत की लेकिन सुबूत न होने की वजह से उससे कभी कुछ नहीं कहा गया। अब सीसीटीवी फुटेज मिलने के बाद शिकायत पुलिस से की गई है। उनका

बी पी एस न्यूज
हिन्दी साप्ताहिक

मुद्रक प्रकाशक स्वात्वाधिकारी बुद्ध प्रकाश साहू द्वारा मां प्रिन्टर्स गार्डेन नं. 6-ए/7 रेल बाजार कानपुर नगर से मुद्रित एवं 344- बगाही भट्ठा टी.पी. नगर कानपुर से प्रकाशित। आर.एन.आई. नं. UPHIN/ 2016/ 66740, डाक पंजीयन सं. कानपुर सिटी 304/2024-2026, सम्पादक बुद्ध प्रकाश साहू मो.: 8423454502 , व्हाट्सअप 9335908846 email:bps.knp786@gmail.com info@bpsnews.in www.bpsnews.in नोट-समस्त विवादों का न्यायक्षेत्र कानपुर नगर न्यायालय होगा। समाचार पत्र में प्रकाशित समस्त लेखों एवं समाचारों की जिम्मेदारी लेखकों व संवाददाताओं की होगी। कृपया कोई भी आपत्ति हो तो 15 दिनों के अंदर भेजें।